दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-118 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 16 जून 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## आरटीई एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट सख्तः केंद्र और पंजाब सरकार से मांगा जवाब



नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और पंजाब सरकार से उस याचिका पर जवाब मांगा जिसमें राज्य में बच्चों के लिए मुफ्त और जरूरी शिक्षा का अधिकार (आरटीई) एक्ट, 2009 को लागू न करने का आरोप लगाया गया है।

यह मामला चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत और जस्टिस वी मोहना की बेंच के सामने आया.याचिकाकर्ता खुद बेंच के सामने पेश हुआ. सीजेआई ने याचिकाकर्ता से पूछा, क्या वह कुछ ऐसे स्कूलों की पहचान कर पाए हैं जो ऐसा नहीं कर रहे हैं? याचिकाकर्ता ने दावा किया कि पिछले 15 वर्षों से पंजाब में आरटीई अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं किए गए हैं और सुप्रीम कोर्ट के 2012 के फैसले का हवाला दिया, जिसने आरटीई अधिनियम की वैधता को बरकरार रखा।

2012 के फैसले का जिक्र करते हुए, याचिकाकर्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यह फैसला सभी स्कूलों पर लागू होना चाहिए. सीजेआई ने पूछा, हम जानना चाहते हैं कि ऐसे कौन से स्कूल हैं जहां इसे लागू नहीं किया गया है।


बेंच ने राज्य की तरफ से पहले दायर किए गए एक हलफनामे का जिक्र किया जिसमें कहा गया था कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 450 से ज़्यादा स्टूडेंट्स को प्राइवेट स्कूलों में एडमिशन दिया गया था.

याचिकाकर्ता ने कहा कि यह संख्या लगभग 50,000 होनी चाहिए थी, क्योंकि सरकारी आंकड़ों के अनुसार, हर साल प्रवेश स्तर पर लगभग दो लाख छात्रों को एडमिशन दिया जाता है. सीजेआई ने सुझाव दिया कि याचिकाकर्ता को राज्य के कम से कम एक जिले में सर्वे करना चाहिए।

सीजेआई ने कहा कि यह पता लगाना जरूरी है कि कितने प्राइवेट स्कूल हैं और उनमें से कितने एक्ट के नियमों को लागू नहीं कर रहे हैं. याचिकाकर्ता ने जवाब दिया कि उन्होंने पिछले साल इस मुद्दे पर एक आरटीआई दायर की थी. सीजेआई ने कहा कि आरटीआई के साथ समस्या यह है कि अधिकारी इस आधार पर जवाब देते हैं कि प्रश्न कैसे तैयार किए गए हैं।

### मुख्यमंत्री विजय और पत्नी संगीता के तलाक की सुनवाई अगस्त तक के लिए टली

चेंगलपट्टू (तमिलनाडु), (आरएनएस)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री जोसेफ विजय (थलापति विजय) और उनकी पत्नी संगीता सोर्णलिंगम के बीच तलाक का मामला काफी समय से चल रहा है। ताजा अपडेट है कि तलाक की अर्जी पर सुनवाई सोमवार सुबह चेंगलपट्टू महिला अदालत में की गई। इस दौरान न तो विजय अदालत में उपस्थित हुए और न उनकी पत्नी संगीता अपनी उपस्थिति को दर्ज कराने पहुंची। इसके बाद, अदालत ने सुनवाई को 7 अगस्त, 2026 तक के लिए टाल दिया है। मुख्यमंत्री विजय की पत्नी संगीता ने इसी साल फरवरी में तलाक की अर्जी दायर की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि विजय का शादीशुदा होते हुए भी किसी दूसरी महिला के साथ अफेयर चल रहा था। इसके बाद अदालत ने मामला 20 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध किया था। उस वक्त विजय और संगीता तलाक की पहली सुनवाई के लिए नहीं पहुंचे थे, जिसके बाद चेंगलपट्टू महिला अदालत ने उन्हें 15 जून को पेश होने का आदेश दिया था।



### नर्मदा घाटों, मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई

सोमवती अमावस्या पर महेश्वर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब।

## हौसले की बुलंदी से हर मंजिल होती है आसान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री ने भीम नगर बस्ती पहुंचकर एमपी बोर्ड 12वीं की टॉपर कुमारी चांदनी को दिया आशीर्वाद**





भोपाल( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि परिवार में गरीबी, कठिनाई के बावजूद हौंसले की बुलंदी से हर मंजिल आसान होती है। विषम परिस्थितियों में भी कुमारी चांदनी ने परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प से जो उपलब्धि हासिल की है, वह प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव एमपी बोर्ड 12वीं की टॉपर कुमारी चांदनी विश्वकर्मा से मिलने ई-स्कूटर से विधानसभा के निकट स्थित भीम नगर बस्ती पहुंचे। ई-स्कूटर पर सवार मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वयं हेलमेट पहना और उनके साथ ई-स्कूटर पर पीछे बैठे विधायक भगवान दास सबनानी ने भी हेलमेट लगाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने, सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की प्रभावशीलता के संबंध में स्थानीय निवासियों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुमारी चांदनी और उनके परिजन से आत्मीय भेंट की और परिजन के साथ सेल्फी भी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चांदनी की उत्कृष्ट सफलता पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रतिभावान बेटी की पढ़ाई में गरीबी कभी बाधा नहीं बनेगी। कुमारी चांदनी को शासन की सभी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रिक टू व्हीलर चलाकर दिया ईंधन बचाने का संदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव वैश्विक ईंधन संकट के बीच भीम नगर इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर से पहुंचे। उन्होंने देशवासियों से ईंधन बचाने और पर्यावरण-संरक्षण के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल अपनाने की अपील की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रहित में सबसे पहले अपना कारकेड घटाने का निर्णय लिया था। उनकी पहल पर कारकेड में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) को शामिल किया गया है।

### प.बंगाल में भूमि घोटाले केस में अभिषेक के करीबी सहयोगी सुमित रॉय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

कोलकाता,(आरएनएस)। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और पार्टी के लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी के पर्सनल असिस्टेंट (PA) सुमित रॉय ने कलकत्ता हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मांगी. हाल ही में उनके खिलाफ फाइनेंशियल फ्रॉड के संबंध में एक एफआईआर दर्ज की गई थी और पुलिस ने जांच के हिस्से के तौर पर उनकी तलाश शुरू कर दी।

इसी सिलसिले में सुमित रॉय के वकील सब्यसाची बनर्जी सोमवार सुबह जस्टिस जॉय सेनगुप्ता की बेंच के सामने पेश हुए और अग्रिम जमानत याचिका पर अर्जेंट सुनवाई की रिक्वेस्ट की। जज ने केस को फॉर्मल तौर पर फाइल करने का निर्देश दिया, लेकिन अर्जेंट सुनवाई की रिक्वेस्ट को तुरंत स्वीकार नहीं किया.पुलिस ने बताया इससे पहले पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले की एक कोर्ट ने सोमवार को टीएमसी लीडर अभिषेक बनर्जी के करीबी सुमित रॉय के खिलाफ एक लैंड स्कैम केस में अरेस्ट वारंट जारी किया. वारंट तब जारी किया गया जब इन्वेस्टिगेटर्स ने कोर्ट को बताया कि रॉय को ढूंढने की बार-बार कोशिशों के बावजूद उनका पता नहीं चल पाया।

## टाइगर रिजर्व के पास भीषण सड़क हादसा....

## तेज रफ्तार बोलेरो सड़क किनारे पेड़ से टकराई, पांच लोगों की मौत




नर्मदापुरम (ए.)। नर्मदापुरम जिले के पिपरिया क्षेत्र अंतर्गत सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व के पास डोकरीखेड़ा गांव के समीप सोमवार शाम करीब छह बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई, जिसमें एक ही परिवार सहित कुल पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

**वाहन में सात लोग थे सवार**

पुलिस के अनुसार बोलेरो क्रमांक एमपी 13 AK 4757 में कुल सात लोग सवार थे। वाहन में चालक प्रदीप प्रकाश धुर्वे, उनकी पत्नी ज्योति धुर्वे, 8 वर्षीय पुत्र अक्षत धुर्वे सहित उनके परिजन और अन्य लोग शामिल थे। सभी लोग रविवार को छिंदवाड़ा जिले के डेलाखाड़ी में एक रसोई कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम के बाद वे तामिया में अपनी बहन के घर रुके थे और सोमवार को पिपरिया लौट रहे थे।

**ओवरटेक के प्रयास में हुआ हादसा**

बताया जा रहा है कि मटकुली और झिरिया के बीच बोलेरो के आगे एक बाइक चल रही थी। उसे ओवरटेक करने के प्रयास में चालक ने वाहन की रफ्तार बढ़ा दी, जिसके चलते बोलेरो अनियंत्रित होकर सीधे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर ही चीख-पुकार मच गई।

**हादसे में पांच लोगों ने गंवाई जान**

हादसे में प्रदीप धुर्वे, उनकी पत्नी ज्योति धुर्वे, पुत्र अक्षत धुर्वे, पंचम ठाकुर और कुलदीप ठाकुर की मौत हो गई। वहीं आकाश धुर्वे और शरद उइके गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल पिपरिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके में शोक की लहर फैला दी है।

### नर्मदापुरम में गो तस्करी के शक में मॉब लिंचिंग, एमपी की अदालत ने 14 दोषियों को सुनाई उम्रकैद की सजा

भोपाल, (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा तहसील से एक बड़ा कानूनी फैसला सामने आया है। यहां की एक सेशंस कोर्ट ने साल 2022 में गो-तस्करी के शक में हुई एक व्यक्ति की मॉब लिंचिंग के मामले में सभी 14 आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ( ADJ) तबस्सुम खान की अदालत ने अमरावती (महाराष्ट्र) के रहने वाले नाजिर अहमद की हत्या के मामले में यह ऐतिहासिक फैसला दिया है। इस हिंसक घटना में नाजिर अहमद की मौत हो गई थी, जबकि कुछ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे।

### राजस्थान में तेज रफ्तार ट्रक के साथ हुई भीषण टक्कर में चकनाचूर हुई कार, 6 लोगों की दर्दनाक मौत

बीकानेर,(ए.) राजस्थान के बीकानेर जिले में सोमवार का दिन एक बड़े और बेहद दर्दनाक सड़क हादसे का गवाह बना। श्री डूंगरगढ़ के पास नेशनल हाईवे पर काल बनकर आए एक तेज रफ्तार ट्रक और कार के बीच ऐसी भयानक टक्कर हुई कि कार के पूरी तरह से परखच्चे उड़ गए। इस दिल दहला देने वाले हादसे में छह लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक लड़की गंभीर रूप से घायल होकर जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है। यह रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा नेशनल हाईवे पर स्थित सीजराल होटल के पास हुआ। बताया जा रहा है कि कार और ट्रक के बीच आमने-सामने की यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग सहम गए। टक्कर के बाद कार पूरी तरह से चकनाचूर होकर लोहे के कबाड़ में तब्दील हो गई ।

### एलओसी पर पाक चौकी से की गई फायरिंग, सीजफायर का किया उल्लंघन!

पूंछ,(ए.)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के बालाकोट सेक्टर के तरकुंडी इलाके में पाकिस्तान की ओर से कथित तौर पर सीजफायर उल्लंघन किया गया है। बताया जा रहा है कि पाक चौकियों से करीब 8 मिनट तक रुक-रुक कर फायरिंग की गई। सूत्रों के मुताबिक घटना के बाद सीमा पर सुरक्षा बल सतर्क हो गए हैं और पूरे इलाके में निगरानी बढ़ा दी है। फिलहाल किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भारतीय सेना या संबंधित सुरक्षा एजेंसियों की ओर से अभी तक इस घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

मीडिया रिपोर्ट में सीमा से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि यदि सीजफायर उल्लंघन की पुष्टि होती है तो यह हाल के दिनों में नियंत्रण रेखा पर तनाव बढ़ने का एक और मामला माना जाएगा। सुरक्षा एजेंसियां पूरे घटनाक्रम पर नजर रख रही हैं और स्थानीय स्तर पर भी सतर्कता बढ़ा दी है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से मामले की पुष्टि नहीं की गई है।




### बेंगलुरु में पत्नी ने किया ऑनलाइन सट्टेबाजी का विरोध, पति ने बच्चों के सामने चाकू से गोदकर की हत्या


बेंगलुरु,(आरएनएस)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के महादेवपुर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में रविवार रात एक चौंकाने वाली घटना हुई. ऑनलाइन बेटिंग के आदी एक शख्स ने बच्चों के सामने 32 वर्षीय पत्नी की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी. बाद में उसने आत्महत्या करने की भी कोशिश की. महादेवपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.महिला की शादी 15 साल पहले हुई थी लेकिन कहा जाता है कि उसके पति को पिछले कुछ समय से ऑनलाइन ऐप पर बेटिंग की लत लग गई थी. इसी वजह से परिवार को पैसे की तंगी का सामना करना पड़ रहा था. कहा जाता है कि पति हमेशा अपनी पत्नी पर शक करता था.अपने पति की मानसिक और शारीरिक हिंसा बर्दाश्त न कर पाने की वजह से महिला अपने बच्चों के साथ अलग रहने लगी. बीती रात करीब 9 बजे शख्स उस घर में पहुंचा जहां उसकी पत्नी अलग रह रही थी. तभी उसने अपनी गलती के लिए माफी मांगने का नाटक किया. इस दौरान उसने अपनी जैकेट के अंदर चाकू छिपा रखा था. पुलिस ने बताया कि उसने अपनी पत्नी पर चाकू से 10 से ज़्यादा बार वार किया और अपने दो बच्चों के सामने उसकी बेरहमी से हत्या कर दी.बताया जा रहा है कि आरोपी शख्स ने हत्या से पहले एक वीडियो बनाया था. उसने वीडियो में कहा, मेरी पत्नी और बच्चे मेरी सट्टेबाजी की लत की वजह से परेशान हैं. मैं भी मर जाऊंगा, मेरी पत्नी भी मर जाएगी. पत्नी की हत्या करने के बाद शख्स ने चाकू से अपना हाथ काटकर आत्महत्या की भी कोशिश की. मौके पर पहुंची महादेवपुर पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मप्र की सड़कों का होगा हाईटेक कायाकल्प : 9000 किमी लंबे स्टेट हाईवे का होगा थ्रीडी सर्वे, नेटवर्क सर्वे व्हीकल से होगी निगरानी

ग्वालियर(आरएनएस)। मप्र रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन (एमपीआरडीसी) प्रदेश में मौजूद अपने 15 हजार किमी लंबे रोड नेटवर्क को और बेहतर करने की कवायद कर रहा है। स्टेट हाईवे, मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड (एमडीआर) के साथ ही पुलों के विकास, बेहतर रखरखाव के साथ ही ट्रैफिक संचालन को सुगम बनाने के लिए नौ हजार किमी लंबी सड़कों का थ्रीडी सर्वे कराने की तैयारी की गई है। इसके लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक से छठे चरण के अंतर्गत सड़कों की बेहतरी के लिए मिली राशि का उपयोग किया जाएगा।इस सर्वे के अंतर्गत स्टेट हाईवे पर ट्रैफिक लोड, सड़कों की स्थिति का डेटा जुटाया जाएगा। इसके लिए कंसल्टेंट कंपनी को अधिकृत किया जाएगा, जो थ्रीडी कैमरों से लैस नेटवर्क सर्वे व्हीकल के माध्यम से सड़कों की थ्रीडी रिकार्डिंग करेंगी।

## जयपुर में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में बवाल, संस्थापक अभिजीत दीपके को युवकों ने जड़े थप्पड़

जयपुर(आरएनएस)। राजस्थान की राजधानी जयपुर के शहीद स्मारक पर चल रहे कॉकरोच जनता पार्टी के धरना प्रदर्शन के दौरान सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके को कुछ युवकों ने सरेआम थप्पड़ जड़ दिया. अचानक हुए इस घटनाक्रम से अफरा तफरी का माहौल हो गया और मौके पर भारी हंगामा शुरू हो गया.घटना के बाद अभिजीत दीपक के समर्थकों ने भी थप्पड़ मारने वाले दो युवकों की जमकर पिटाई की और बाद में उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया. अभिजीत दीपके जैसे ही समर्थकों के कंधों पर सवार होकर शहीद स्मारक पर पहुंचे थे तब गेट में घुसते ही कुछ युवकों ने उन्हें थप्पड़ मारना शुरू कर दिए, जवाब में समर्थकों ने भी थप्पड़ मारने वाले युवकों की जमकर पिटाई की. वहीं, जयपुर पुलिस ने थप्पड़ मारने के आरोप में चार युवकों को हिरासत



में लिया है.नीट पेपर लीक विवाद और शिक्षा प्रणाली में विसंगतियों के खिलाफ जयपुर के शहीद स्मारक पर कॉकरोच जनता पार्टी ने विरोध प्रदर्शन और जनसभा का आयोजन किया था. कॉकरोच जनता पार्टी के मुख्य सूत्रधार अभिजीत दीपके इस सभा में युवाओं और छात्रों को संबोधित करने पहुंचे थे.कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके के साथ ही युवाओं ने काफी देर तक मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और हल्ला बोल किया. दोपहर 3 बजे शुरू हुए विरोध प्रदर्शन में युवाओं के साथ-साथ कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए. सब ने एक साथ धर्मेंद्र प्रधान की इस्तीफे की मांग की. इधर युवाओं के आक्रोश को देखते हुए शहीद स्मारक के आसपास पुलिस का भी तगड़ा बंदोबस्त किया गया था. हालांकि, प्रदर्शन के दौरान कई जगह युवा आपस में भी उलझते हुए नजर आए।





# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में एग्रो सौर पीवी के लिए हुआ एमओयू

### नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग तथा इंडो-जर्मन एग्रीवोल्टाइक परियोजना मिलकर करेंगे काम प्रदेश में एग्री सौर पीवी के विकास में जर्मन कम्पनी जीआईजेड करेगी सहयोग



भोपाल,(ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रदेश में एग्रो सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की मंशा पर एक और उपलब्धि हासिल हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड तथा जर्मन सरकार समर्थित इंडो-जर्मन एग्री वोल्टाइक सहयोग परियोजना (आईजीसीए) के मध्य सोमवार को मंत्रालय, भोपाल में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आदान-प्रदान किया गया। एग्री वोल्टाइक, कृषि एवं सौर ऊर्जा के संयुक्त उपयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया एक संगठन है। इसका उद्देश्य कृषि भूमि पर खेती के साथ-साथ उसी खेत में ही सौर ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करना है, जिससे अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता कम हो, खाद्य सुरक्षा बनी रहे तथा भूमि संबंधी विवादों से भी बचा जा सके। इस काम में जर्मन कम्पनी सरकार को सहयोग देगी। यह पहल पीएम-कुसुम 2.0 सहित विभिन्न योजनाओं के अनुरूप राज्य में विशिष्ट एग्रीवोल्टाइक ढांचा विकसित करने, किसानों की आय बढ़ाने, भूमि उपयोग दक्षता सुधारने, उत्पादित ऊर्जा की सुरक्षा सुदृढ़ करने तथा जलवायु-अनुकूल ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने में सहायक होगी। यह गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन मई 2030 तक प्रभावी रहेगा। इस अवसर पर नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग मनु श्रीवास्तव, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड अमनवीर सिंह बैंस, भारत में जर्मन दूतावास के पदाधिकारी, एग्री वोल्टाइक संगठन से एलेक्जेंडर, जर्मनी की जीआईजेड कम्पनी के पदाधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।एग्री सौर पीवी के तहत सरकार किसानों को सब्सिडी देगी। इससे किसान अपनी जमीन के मालिकाना हकदार होंगे। किसान जमीन में खेती करेंगे और उसी खेत में सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा उत्पादन कर अतिरिक्त आय भी अर्जित करेंगे। यह किसानों के लिए डबल सौगात होगी।राज्य सरकार और इंडो-जर्मन एग्री वोल्टाइक सहयोग परियोजना के मध्य हुई इस परस्पर साझेदारी के अंतर्गत कम्पनी द्वारा एग्रीवोल्टाइक परियोजनाओं की पहचान, तकनीकी एवं आर्थिक मूल्यांकन, डिजाइन, वित्तीय व्यवहार्यता और क्रियान्वयन में सहयोग किया जाएगा। इसके तहत प्रदेश के किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, ऊर्जा विकासकर्ताओं, डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनीज (डिस्कॉम) एवं अन्य संबंधित हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण और जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कम्पनी द्वारा राज्य में कृषि उत्पादकता एवं खाद्य सुरक्षा को संरक्षित रखते हुए उपयुक्त नीतिगत एवं नियामक ढांचा विकसित करने में भी सहयोग किया जाएगा।

# कक्षा 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा आज से

### परीक्षा केन्द्र पर ही ऑन स्पॉट प्रिंट होंगे प्रश्न पत्र, प्रदेश में बनाए गए 2 हजार 795 परीक्षा केंद्र



भोपाल,(ए.)। प्रदेश में वर्ष 2025-26 की कक्षा 5वीं एवं 8वीं की पुनः परीक्षा 16 जून से शुरू हो रही है। यह 23 जून तक चलेगी। इस परीक्षा में सत्र 2025-26 की मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण एवं अनुपस्थित विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा प्रदेश भर में कुल 2 हजार 795 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होगी। कक्षा 5वीं की पुनः परीक्षा में लगभग 1 लाख 17 हजार से अधिक एवं कक्षा 8वीं के लगभग 1 लाख 32 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं और पंजीकृत मदरसों में अध्ययनरत कक्षा 5 व 8 के विद्यार्थियों की पुनः परीक्षा सत्र 2025-26 का आयोजन 16 से 23 जून 2026 की अवधि में किया जाएगा।

#### परीक्षा केंद्रों पर ही होगा प्रश्न पत्रों का स्थल मुद्रण

पुनः परीक्षा के लिए प्रश्नपत्रों की गोपनीयता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रश्नपत्रों की ऑन स्पॉट प्रिंटिंग परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राध्यक्ष द्वारा की जाएगी। परीक्षा पोर्टल से प्रश्नपत्रों को डाउनलोड एवं प्रिंट करने के लिए जिला परियोजना समन्वयक को नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षाओं के निर्बाध संचालन के लिए राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देश पर प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर न्यूनतम 02 कम्प्यूटर/लैपटॉप, 02 कार्यशील प्रिंटर, इंटरनेट, पर्याप्त ए-4 साईज पेपर, टोनर की उपलब्धता एवं सुगम विद्युत व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

#### जन शिक्षा केन्द्र स्तर बनाए गए हैं परीक्षा केन्द्र

कक्षा 5वीं व 8वीं की पुनः परीक्षा के लिए केवल जनशिक्षा केन्द्र स्तर ही परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं। अगर किसी जिले में किसी परीक्षा केन्द्र पर 500 से अधिक परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हों तो उस स्थिति में राज्य शिक्षा केन्द्र से अनुमति उपरांत दूसरा परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है।

## 8 लाख 17 हजार 302 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को मिली बड़ी राहत

### मई माह में 'टाइम ऑफ डे' टैरिफ के तहत मिला 8 करोड़ 41 लाख 52 हजार की छूट का लाभ



भोपाल, (ए.)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए मई का महीना राहत लेकर आया है। कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को टाइम ऑफ डे (ToD) टैरिफ व्यवस्था के तहत सोलर ऑवर (सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक) में बिजली की खपत पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की गई है। इस टाइम ऑफ डे (ToD) टैरिफ व्यवस्था के तहत कंपनी कार्यक्षेत्र में कुल 8 लाख 17 हजार 302 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को मई माह के बिजली बिल में 8 करोड़ 41 लाख 52 हजार रुपये की छूट का सीधा लाभ मिला है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे आधुनिक तकनीक को अपनाएं और अपने परिसरों में स्मार्ट मीटर लगवाने हेतु आगे आएं।

स्मार्ट मीटर न केवल ऊर्जा संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि यह उपभोक्ताओं को अपनी खपत के प्रति जागरूक कर आर्थिक लाभ भी दिला रहा है। स्मार्ट मीटर हर 15 मिनट में बिजली खपत का सटीक डेटा रिकॉर्ड करते हैं और खपत का डेटा स्वचालित रूप से बिलिंग सर्वर को प्राप्त होता है, जिससे मानवीय हस्तक्षेप की गुंजाइश नहीं रहती और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ता अपने बिजली उपयोग के समय को प्रबंधित कर टाइम ऑफ डे टैरिफ जैसी सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने बिलों में बचत कर सकते हैं।

# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने पर युवा कांग्रेस का प्रदेशभर में विरोध-प्रदर्शन, भोपाल में कार्यकर्ताओं ने किया पुतला दहन



भोपाल,(ए.)। कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के बाद मध्य प्रदेश की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। कांग्रेस और युवा कांग्रेस ने इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विपरीत बताते हुए प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन किए, जबकि निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष आमने-सामने नजर आए। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर युवा कांग्रेस ने सोमवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रदर्शन आयोजित किए। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, मुरैना और मंदसौर सहित कई जिलों में कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रतीकात्मक प्रदर्शन किए और जिला कलेक्टरों के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपे। ज्ञापन में कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने और निर्वाचन अधिकारियों की भूमिका की समीक्षा करने की मांग की है।

#### युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने लगाए गंभीर आरोप

भोपाल में मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया ने कहा कि कांग्रेस इस पूरे घटनाक्रम को लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती मानती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यसभा चुनाव में विपक्षी उम्मीदवार के नामांकन को निरस्त करना राजनीतिक रूप से प्रेरित निर्णय प्रतीत होता है। घनघोरिया ने निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस की आपत्तियों पर उचित कार्रवाई नहीं होती है तो पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध जारी रखेगी।

#### भोपाल में सीमित रहा विरोध प्रदर्शन

राजधानी भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय (पीसीसी) के सामने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन किया। हालांकि, प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। मौके पर मौजूद पुलिस बल की संख्या प्रदर्शनकारियों से अधिक दिखाई दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्रदर्शन में सीमित संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के बाद भोपाल शहर युवा कांग्रेस ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए किया गया आंदोलन बताया।

#### संगठन ने दिए थे व्यापक आंदोलन के निर्देश

कांग्रेस संगठन की ओर से पूर्व में जारी निर्देशों में युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और महिला कांग्रेस को 15 से 17 जून तक विभिन्न स्तरों पर विरोध प्रदर्शन करने और भाजपा कार्यालयों के घेराव की तैयारी करने को कहा गया था। हालांकि भोपाल में प्रदर्शन पीसीसी कार्यालय परिसर तक ही सीमित रहा।

### नगरीय निकाय एवं पंचायतों की मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम संशोधित, फोटोयुक्त अंतिम सूची 27 जुलाई को होगी जारी



भोपाल,(ए.)। मध्य प्रदेश नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब प्रारूप मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 25 जून तक लिये जायेंगे। यह जानकारी राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने सोमवार को दी है।राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 जुलाई तक किया जायेगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को किया जायेगा। पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जुलाई को होना था। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिये निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करना सुनिश्चित करें।

## क्रिस्प में आईटीआई प्रशिक्षकों के लिए पांच दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

#### - 40 प्रशिक्षकों को मिलेगा उन्नत प्रशिक्षण

भोपाल(आरएनएस)। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआई (पी.एम सेतु) कार्यक्रम के पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत सोमवार को सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफॉरमेंस (क्रिस्प), भोपाल में हुई। कार्यक्रम में लगभग 40 आईटीआई प्रशिक्षकों को दो चरणों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इनमें मध्य प्रदेश के साथ उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ के प्रशिक्षक भी शामिल हैं। पहले चरण में 15 से 19 जून तक 23 प्रशिक्षकों को मेकाट्रॉनिक्स विषय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जबकि दूसरे चरण में 22 से 26 जून अन्य प्रशिक्षकों को इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन विषय पर प्रशिक्षित किया जाएगा। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रशिक्षकों को नवीनतम औद्योगिक तकनीकों एवं उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बनाना है।कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार के रीजनल डायरेक्टर अभय अरुण महिषी ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक तेजी से बदल रही है और उद्योगों की मांग के अनुसार प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में लगातार संशोधन किए जा रहे हैं। रोबोटिक्स, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन, मेकाट्रॉनिक्स और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसे क्षेत्रों का महत्व लगातार बढ़ रहा है, इसलिए प्रशिक्षकों के लिए स्वयं को निरंतर अपडेट रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप पुराने पाठ्यक्रमों में भी समय-समय पर बदलाव और सुधार किए जा रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी एवं आधुनिक प्रशिक्षण मिल सके।

# भोपाल में 732 जर्जर इमारतें बनीं खतरा

### - 2019 के बाद नहीं हुआ सर्वे, बारिश में बढ़ सकता है खतरा



भोपाल (ए.)। मानसून की दस्तक के साथ राजधानी भोपाल में जर्जर इमारतों का मुद्दा एक बार फिर चिंता का कारण बन गया है। हैरानी की बात यह है कि शहर में खतरनाक घोषित भवनों का आखिरी व्यापक सर्वे वर्ष 2019 के आसपास हुआ था, जबकि उसके बाद से कोई समग्र समीक्षा नहीं की गई। ऐसे में प्रशासन के पास यह तक स्पष्ट जानकारी नहीं है कि वर्तमान में कितनी इमारतें गिरने की स्थिति में पहुंच चुकी हैं। नगर निगम और संबंधित एजेंसियों के रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2016 के सर्वे में शहर की 372 इमारतों को जर्जर और खतरनाक श्रेणी में चिह्नित किया गया था। इसके बाद कुछ भवनों को तोड़ा गया, लेकिन बड़ी संख्या में ऐसे निर्माण आज भी आबादी के बीच खड़े हैं।

हर साल बारिश से पहले जर्जर भवनों की पहचान और कार्रवाई की बात कही जाती है, लेकिन इस बार अब तक किसी बड़े सर्वे अभियान की जानकारी सामने नहीं आई है। विशेषज्ञों का कहना है कि सात साल पुराने आंकड़ों के आधार पर सुरक्षा व्यवस्था तय करना जोखिम भरा हो सकता है। इस दौरान न केवल पुराने भवन और कमजोर हुए हैं, बल्कि कई अन्य निर्माण भी समय के साथ जर्जर श्रेणी में पहुंच चुके होंगे। इसके बावजूद शहर में जोखिम वाले भवनों का अद्यतन डाटाबेस उपलब्ध नहीं है।

बारिश बढ़ाती है खतरा

सिविल इंजीनियरों के अनुसार लगातार बारिश, सीलन, कमजोर नींव और रखरखाव की कमी जर्जर इमारतों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाती है। कई बार भवन बाहर से सुरक्षित दिखाई देते हैं, लेकिन उनकी आंतरिक संरचना गंभीर रूप से कमजोर हो चुकी होती है। घनी आबादी वाले इलाकों में ऐसी इमारतें केवल उसमें रहने वालों के लिए ही नहीं, बल्कि आसपास के दुकानदारों, राहगीरों और पड़ोसी मकानों के लिए भी खतरा बन जाती हैं।

बारिश में बढ़ जाता है खतरा

मानसून के दौरान लगातार बारिश, सीलन और भवनों की कमजोर होती संरचना के कारण जर्जर इमारतों के गिरने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि समय रहते सर्वे और कार्रवाई नहीं की गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। घनी आबादी वाले क्षेत्रों में स्थित ऐसे भवन आसपास के लोगों और राहगीरों के लिए भी गंभीर खतरा बने हुए हैं।


## सांसद शर्मा व महापौर श्रीमती राय ने राजा भोज विमानतल पर नवीन जनसुविधाओं का किया शुभारंभ

#### - विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत उपलब्ध कराई गई हैं जनसुविधाएं

भोपाल(ए.)। सांसद आलोक शर्मा व महापौर श्रीमती मालती राय ने राजा भोज विमानतल पर नवीन जनसुविधाओं का दीप प्रज्ज्वलितकर एवं फीता काटकर शुभारंभ किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत सांसद आलोक शर्मा व महापौर श्रीमती मालती राय ने सोमवार को राजा भोज विमानतल पर यात्री सुविधा दिवस के अवसर पर यात्रियों को उपलब्ध कराई गई नवीन जनसुविधाओं जिसमें सहज डेस्क, आधुनिक टायलेट व अन्य सुविधाओं का शुभारंभ किया। शुभारंभ कार्यक्रम में महापौर श्रीमती राय ने पालीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने का आव्हान किया और विमानतल के सफाई मित्रों सहित अन्य कर्मियों को कपड़े/जूट के थैले भेंट किये। इस अवसर पर संचालक रामजी अवस्थी सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# संजय गांधी थर्मल पॉवर स्टेशन की यूनिट-2 ने लगातार 150 दिन बिजली उत्पादन कर रचा इतिहास



भोपाल (ए.)। प्रदेश को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के संजय गांधी थर्मल पॉवर स्टेशन बिरसिंहपुर (SGTPS) ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। स्टेशन की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 2 ने बीते 14 जनवरी से बिना रुके लगातार 150 दिनों तक बिजली पैदा करने का स्वर्णिम आंकड़ा छू लिया है। गौरतलब है कि संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंहपुर पॉवर जनरेटिंग कंपनी के लिए शानदार ट्रैक रिकॉर्ड बरकरार रखे हुए है। कुछ दिन पहले ही विद्युत गृह की यूनिट-3 ने 100 दिनों तक लगातार निर्बाध बिजली उत्पादन करने का रिकॉर्ड बनाया था।

#### सटीक परिचालन से गढ़े गए दक्षता के नए मानदंड

इस रिकॉर्ड परिचालन अवधि के दौरान यूनिट ने 92.38 प्रतिशत का प्लांट एवेलेबिलिटी फैक्टर (PAF) बनाए रखा, जो बिजली उत्पादन के लिए इस इकाई की उच्च उपलब्धता और तकनीकी मजबूती को प्रमाणित करता है। साथ ही इकाई ने 81.15 प्रतिशत का प्लांट लोड फैक्टर (PLF) दर्ज कर अपनी वास्तविक उत्पादन क्षमता के कुशल उपयोग का लोहा मनवाया। ऊर्जा दक्षता के मोर्चे पर भी प्रबंधन का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा, जहां आंतरिक सहायक विद्युत खपत (APC) को महज 8.89 प्रतिशत पर सीमित रखकर बिजली की बड़ी बचत की गई।

#### उत्पादन इकाइयाँ उच्चतम विश्वसनीयता के साथ काम करने में सक्षम

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर पूरी टीम को सराहते हुए कहा कि कंपनी का प्रत्येक कार्मिक और ठेका श्रमिक उत्कृष्ट प्रदर्शन और कड़ी मेहनत में विश्वास रखते है। उनकी इसी दक्षता और कर्तव्यनिष्ठा की बदौलत हमारी इकाइयाँ लगातार राष्ट्रीय स्तर के कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर एम्स भोपाल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित, 60 यूनिट रक्त संग्रहित

भोपाल (ए.)। विश्व रक्तदाता दिवस 2026 के अवसर पर एम्स भोपाल के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन एवं ब्लड बैंक विभाग द्वारा भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) एवं कैनकिड्स एनजीओ के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्लड सेंटर, एम्स भोपाल में आयोजित इस शिविर में आईटीबीपी कर्मियों, विद्यार्थियों, रेजिडेंट डॉक्टरों, नर्सिंग अधिकारियों तथा एम्स कर्मचारियों सहित 60 स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।

कार्यक्रम एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) माधवानन्द कर के संरक्षण में आयोजित हुआ। चिकित्सा अधीक्षक एवं ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) विकास गुप्ता, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. (मेजर) मयंक दीक्षित तथा आईटीबीपी की डॉ. दुर्गा भवानी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। स्वागत उद्बोधन में डॉ. आकांक्षा ने रक्तदान के महत्व और सुरक्षित रक्त उपलब्धता में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का भावनात्मक आकर्षण तब देखने को मिला जब कैनकिड्स एनजीओ के बच्चों ने रक्तदाताओं को हस्तनिर्मित धन्यवाद कार्ड भेंट किए। इस पहल ने रक्तदान को जीवन बचाने वाले महादान के रूप में रेखांकित किया। विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पोस्टर निर्माण एवं



प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। नियमित रक्तदाताओं, सिंगल डोनर प्लेटलेट्स (एसडीपी) दाताओं एवं शिविर आयोजकों को सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान स्वैच्छिक रक्तदान शपथ भी दिलाई गई, जिसमें प्रतिभागियों ने नियमित रक्तदान को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। एम्स भोपाल ने भविष्य में भी जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## गांव में लगाए चार हैंडपंप




जबलपुर,(ए.)। एसीसी और अदाणी फाउंडेशन मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी आवश्यकता से कोई भी दूरस्थ और वंचित समुदाय वंचित न रह जाए। इसी उद्देश्य से अनूपपुर जिले में स्थित थोडा गांव इतना दूरस्थ है कि यहां के कुछ परिवार नल-जल योजना की पहुंच से बाहर रह गए थे। अदाणी फाउंडेशन ने उनकी आवश्यकता को समझते हुए त्वरित कार्रवाई की। थोडा और बसखला पंचायतों में चार हैंडपंप स्थापित किए गए।

# इंदौर के डायल-112 हीरोज

## खेलते-खेलते घर से बिछड़े 3 वर्षीय मासूम को सुरक्षित परिजनों से मिलाया

इंदौर,(ए.)। जिले के थाना खजराना क्षेत्र में डायल-112 जवानों की संवेदनशीलता एवं तत्पर कार्यवाही से खेलते-खेलते घर से निकलकर परिजनों से बिछड़ गए 03 वर्षीय बालक को सुरक्षित तलाश कर उसके परिवार से मिलाया गया। समय पर की गई सहायता से मासूम सकुशल अपने घर पहुँच सका।14 जून को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खजराना क्षेत्र अंतर्गत पटेल कॉलोनी में एक 03 वर्षीय बालक गुम हो गया है। पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही थाना खजराना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मौके के लिए रवाना किया गया।




डायल-112 स्टाफ आरक्षक सुनील मालवीय, आरक्षक करण चौधरी एवं पायलट अंकित शुक्ला ने मौके पर पहुँचकर परिजनों से बालक के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं उसका फोटो प्राप्त किया। इसके उपरांत टीम ने आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय रूप से तलाश एवं पूछताछ प्रारंभ की। तलाश के दौरान बालक के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर डायल-112 जवानों ने उसे सुरक्षित संरक्षण में लिया और उसके घर पहुँचकर आवश्यक पहचान एवं सत्यापन उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया।डायल-112 हीरोज श्रृंखला की यह घटना दर्शाती है कि डायल-112 सेवा केवल आपातकालीन सहायता ही नहीं, बल्कि बच्चों एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए मानवीय संवेदनाओं के साथ हर परिस्थिति में सहायता पहुँचाने का कार्य भी निरंतर कर रही है।

## ट्रेन से कटकर छात्रा ने की आत्महत्या




ग्वालियर (ए.) । झांसी रोड थाना क्षेत्र के रेलवे ट्रैक पर अज्ञात कारणों के चलते एक 16 वर्षीय छात्रा ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर शव को पीएम हाउस पहुंचा दिया है।

विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में स्थित सिधिया नगर निवारी 16 वर्षीय भूमि जाटव पुत्री राजेश जाटव बीते रोज झांसी रोड स्थित रेलवे ट्रैक पर पहुंची और ट्रेन से कटकर जान दे दी। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर लिया। पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि भूमि रेलवे ट्रैक पर पहुंची और ट्रेन के सामने खड़ी हो गई और उससे टकराते ही उसकी मौत हो गई।

## रंगदारी वसूलने चाय वाले को चाकू मारा

जबलपुर, (ए.)। गोहलपुर थाना क्षेत्र में चाय दुकान संचालक से दो बदमाशों ने शराब पीने के लिए रुपए की मांग की, मांग पूरी न होने पर दोनों ने चाय दुकान संचालक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया।

गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गाजीमिया मुन्ना होटल के पास गोहलपुर निवासी 18 वर्षीय चाय दुकान संचालक साहिल अंसारी गत रात लगभग 12.30 बजे मुन्ना होटल के बाजू स्थित अपनी चाय दुकान बंद कर दुकान के बाहर खड़ा था तभी चांदनी चौक निवासी हारून एवं साहिद दोनों उसके पास आए और गाली गलोज करते हुये सिगरेट पिलाने का कहते हुए पार्टी करने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगे मना करने पर दोनों ने मारपीट कर हारून ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 119(1), 115(2), 118(1), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर रेत मंडी में औचक निरीक्षण, 3 डंपर जब्त



इन्दौर (ए.)। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार अनुभाग बिचौली क्षेत्र में राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा देवगुराड़िया रोड स्थित रेत मंडी में औचक निरीक्षण एवं कार्रवाई की गई। कार्रवाई का नेतृत्व एसडीएम अजय शुक्ला ने किया। इस दौरान तहसीलदार अनिल पटेल, जिला खनिज अधिकारी जयदीप नामदेव, थाना प्रभारी करणी सिंह, खनिज निरीक्षक सुश्री स्वाति, आलोक अग्रवाल सहित राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों की टीम उपस्थित रही। निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे खड़े डंपरों द्वारा यातायात बाधित किया जाना तथा कुछ वाहनों में ओवरलोडिंग पाई गई। इस पर संयुक्त टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए अब तक 3 डंपरों को जब्त कर खुडैल थाना परिसर में खड़ा कराया गया है बताया गया कि अन्य 7 वाहनों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। प्रशासन द्वारा अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग तथा यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले वाहनों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

## योग में बना गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड

इन्दौर (ए.)। जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया ने बताया की 14 जून को मोरारजी देसाई योग संस्थान हाबिल्ड और आयुष मंत्रालय भारत सरकार ने मिलकर एक दिन में सर्वाधिक जनसामान्य द्वारा एक साथ योग कराने का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया, जिसमें इंदौर जिले में आयुष विभाग द्वारा एक साथ 1384 जनसामान्य ने सर्टिफिकेट प्राप्त किया भारत में 4 लाख 35 हजार 831 लाख जनसामान्य ने सर्टिफिकेट प्राप्त किया। आयुष नोडल जिला योग डॉ. मनीष रघुवंशी एवं डॉ कमलेश पाटील ने बताया कि 11 मई से लगातार ऑनलाइन माध्यम से कॉमन योगा प्रोटोकॉल सत्रों का आयोजन कर आयुष विंग, 14 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (आयुष) एवं शासकीय आयुर्वेद, होम्योपैथिक, यूनानी औषधालय में कराया जा रहा है जिसमें 12039 जनसामान्य ने योग सत्रों का लाभ लिया।

## स्टाफ की कमी से जूझ रही प्रेमसागर पुलिस चौकी

### - प्रभारी के साथ महज कुछ पुलिस कर्मी कर रहे ड्यूटी




जबलपुर, (ए.)। हनुमानताल थाना अंतर्गत आने वाली प्रेमसागर पुलिस चौकी इन दिनों भारी स्टाफ की कर्मी से जुझ रही है। चौकी में जितने कर्मियों का स्टाफ होना चाहिये उतना पर्याप्त नहीं है। संवेदनशील इलाका होने के साथ-साथ अपराधों का गढ़ माना जाने वाला प्रेमसागर क्षेत्र में न तो पैट्रोलिंग हो रही है, न ही पुलिस गश्त कर पा रही है। इसलिये क्षेत्र में अपराध बढ़ रहे हैं। चौकी में जब भी जाओ मात्र एक दो पुलिस कर्मी ही दिखाई दे रहे हैं। चौकी प्रभारी अकेले ही किसी तरह प्रबंधन संभाल रहे हैं और गश्त से लेकर कागजी कार्यवाही चंद स्टाफ के साथ कर रहे हैं। एक पुलिस कर्मी तीन-चार काम एक साथ कर रहा है। जिससे यहां के कर्मियों पर काम का बोझ बढ़ते जा रहा है।

**कबाड़ हो रही पुलिस जीप...........**

क्षेत्र में गश्त करने या आरोपी को न्यायालय में पेश करने के लिये एक पुलिस जीप किनारे खड़े-खड़े कबाड़ हो रही है। जिसे चलाने वाला कोई नहीं है। निजि वाहनों से चौकी प्रभारी और स्टाफ गश्त करने निकल रहे हैं। जिसके कारण जीप किनारे खड़ी रहती है, क्योंकि स्टाफ में इसे चलाने वाला ही कोई नहीं है।

**एसपी थानों का निरीक्षण कर रहे, चौकियां सूनी........**

एक ओर पुलिस थानों की कार्यप्रणाली में कसावट लाने पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने थाना प्रभारियों का इधर से उधर किया। बाकायदा निरीक्षण भी करते हैं। लेकिन चौकियां निरीक्षण से वंचित रह गई। जिसका नतीजा यह रहा कि जिले की अधिकतर पुलिस चौकियां स्टाफ की कर्मी से जूझ रही हैं और पुलिस कर्मियों के गश्त में जाने के बाद विरान हो जाती हैं।

# व्यापार समाचार

## पेट्रोल-डीजल का खेल खत्म... अब 100% इथेनॉल ईंधन से चलेगी गाड़ियां, सरकार ने दी मंजूरी




नई दिल्ली (फॉसिल फ्यूल) (आरएनएस),। देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और विदेशों से होने वाले महंगे जीवाश्म ईंधन (फॉसिल फ्यूल) के आयात को कम करने के लिए केंद्र सरकार ने एक बेहद महत्वपूर्ण कदम उठाया है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारत में 100 प्रतिशत इथेनॉल ईंधन के व्यावसायिक उपयोग को आधिकारिक और कानूनी रूप से मंजूरी दे दी है। नागपुर में एनडीए सरकार के कार्यकाल से जुड़े एक कार्यक्रम के दौरान इस ऐतिहासिक फैसले की घोषणा करते हुए उन्होंने बताया कि शनिवार रात को ही उन्होंने इस नीतिगत फाइल पर हस्ताक्षर कर नियमों को अंतिम रूप दे दिया है।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने इस सफर के शुरुआती संघर्षों को साझा करते हुए कहा कि जब उन्होंने पहली बार देश में पेट्रोल के विकल्प के रूप में इथेनॉल को अपनाने का विचार रखा था, तब उद्योग जगत और कई करीबियों ने उनके इस विजन का मजाक उड़ाया था। लोग इस योजना की व्यवहारिकता पर संशय जताते हुए हंसते थे, लेकिन आज यह सपना एक जमीनी हकीकत बन चुका है। यह नीति न केवल प्रदूषण को कम करेगी, बल्कि देश के भारी-भरकम तेल आयात बिल में भी बड़ी कटौती करने में मददगार साबित होगी।

## सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव से डरे लोग, सुरक्षित रिटर्न के लिए बैंकों में एफडी का बढ़ा ट्रेंड

नई दिल्ली (आरएनएस)। पश्चिम एशिया के युद्ध व डालर के मजबूत होने से देश में सोने चांदी की कीमतों में कभी गिरावट आती है तो कभी तेजी आ रही है। ऐसे में सोने-चांदी में निवेश करने को लेकर सभी वर्ग असमंजस में हैं। वहीं यही हाल शेयर बाजार में हैं। ऐसे में शहर में निवेश को लेकर लोगों का ट्रेंड कुछ बदला है। लोगों का बैंकों में एफडी करने का ट्रेंड बढ़ रहा हैं।


अंतरराष्ट्रीय बाजार में डालर मजबूत स्थिति में रहता है तब सोने के दाम देश में गिरते हैं। यदि सोना मजबूत यानि महंगा होता है तो डालर कमजोर होता है। वर्तमान परिस्थितियों में अमेरिका निवेश को अपने यहां बढ़ा रहा है। इस वजह से डालर मजबूत हो रहा है। जिससे देश में सोने-चांदी के भाव लगातार ऊपर नीचे हो रहे हैं। सीए पारेख के मुताबिक वर्तमान में सरकार भी नहीं चाहती कि सोना खरीदा जाए, जिससे डालर मजबूत हो।

## आम आदमी को तगड़ा झटका! मई में 9.68% पर पहुंची थोक महंगाई, अप्रैल के मुकाबले खाने-पीने का सामान हुआ और महंगा

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। अगर आप सोच रहे थे कि बाजार में सामानों की कीमतें जल्द कम होंगी, तो वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों ने इन उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। देश में थोक बाजार के स्तर पर महंगाई की मार बहुत तेजी से बढ़ी है। मई में थोक मूल्य सूचकांक (WPI) पर आधारित महंगाई दर में तेज उछाल देखा गया है, जिसने सरकार से लेकर आम उपभोक्ता तक की चिंताएं बढ़ा दी हैं।

सोमवार को वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मई 2026 में देश की थोक महंगाई दर उछलकर 9.68 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह आंकड़ा इसलिए परेशान करने वाला है क्योंकि ठीक एक महीने पहले, यानी अप्रैल 2026 में यह दर 8.26 प्रतिशत पर थी। थोक बाजार में आई इस तेजी का सीधा असर आने वाले दिनों में खुदरा बाजार पर पड़ेगा, जिससे आपकी जेब और ढीली होने वाली है।

थोक महंगाई में आए इस जबरदस्त उछाल की सबसे बड़ी वजह



ईंधन, बिजली और कच्चे तेल की कीमतों में आई रिकॉर्ड तेजी है। ईंधन और बिजली में थोक महंगाई अप्रैल के 24.89 प्रतिशत से सीधे छलांग लगाकर मई में 30.33 प्रतिशत पर पहुंच गई है। जबकि कच्चे तेल के मोर्चे पर महंगाई का स्तर मई में 61.51 प्रतिशत के खतरनाक स्तर पर दर्ज किया गया, जो अप्रैल में 56.31 प्रतिशत था

| महीना | थोक महंगाई दर |
|---|---|
| मई 2025 | 0.39% |
| जून 2025 | -0.13% |
| जुलाई 2025 | -0.58% |
| अगस्त 2025 | 0.52% |
| सितंबर 2025 | 0.13% |
| अक्टूबर 2025 | -1.21% |
| नवंबर 2025 | -0.32% |
| दिसंबर 2025 | 0.83% |
| जनवरी 2026 | 1.81% |
| फरवरी 2026 | 2.13% |
| मार्च 2026 | 3.88% |
| अप्रैल 2026 | 8.26% |
| मई 2026 | 9.68% |

## अमेरिका-ईरान समझौते से कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट, ब्रेंट क्रूड करीब 5 प्रतिशत टूटा

नई दिल्ली (आरएनएस),। अमेरिका और ईरान के बीच समझौता होने तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने की घोषणा के बाद सोमवार को वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में करीब 5 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में बाधा आने की आशंकाएं काफी हद तक कम हो गई हैं। अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड शुरुआती कारोबार में 4.90 प्रतिशत तक गिरकर 83.05 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 5.74 प्रतिशत टूटकर करीब 80 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते की दिशा में हुई प्रगति से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है, जिसके चलते सप्ताह की शुरुआत में एशियाई शेयर बाजारों में जोरदार तेजी देखने को मिली। वहीं अमेरिकी फ्यूचर्स भी मजबूती के साथ कारोबार करते नजर आए।

विशेषज्ञों ने कहा, इस बीच ब्रेंट क्रूड ऑयल 4 प्रतिशत से ज्यादा गिरकर 83 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के करीब पहुंच गया है, जिससे महंगाई को लेकर चिंताएं कम हुई हैं और बाजार की धारणा को अतिरिक्त समर्थन मिला है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर घोषणा की कि ईरान के साथ समझौता पूरा हो चुका है। उन्होंने लिखा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के साथ समझौता अब पूरा हो चुका है।

इसके साथ ही उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की भी घोषणा की। यह एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है, जिसके जरिए दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से के कच्चे तेल की आपूर्ति होती है।

ट्रंप ने लिखा, मैं होर्मुज जलडमरूमध्य को बिना किसी शुल्क के पूरी तरह खोलने और साथ ही अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी को तुरंत हटाने की अनुमति देता हूं। दुनिया के जहाज अपने इंजन चालू करें। तेल को बहने दें!

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका और ईरान शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर सकते हैं।

इस सकारात्मक घटनाक्रम का असर वैश्विक शेयर बाजारों पर भी दिखा। जापान के निक्केई, हांगकांग के हैंग सेंग, दक्षिण कोरिया के कोस्पी और इंडोनेशिया के जकार्ता कंपोजिट जैसे प्रमुख एशियाई सूचकांक तेजी के साथ कारोबार करते नजर आए।

## बैंकों की सुरक्षा करने वाले ATM PIN का किसने किया था आविष्कार? इनाम की रकम जानकर उड़ जाएंगे होश



नई दिल्ली (आरएनएस),। जब भी हम एटीएम मशीन से पैसे निकालते हैं, तो हमें 4 अंकों का एक सीक्रेट पिन दर्ज करना होता है। बिना इस पिन के न तो हम अपने पैसे निकाल सकते हैं और न ही कोई दूसरा व्यक्ति हमारे खाते में सेंध लगा सकता है। बैंक में जमा हमारी गाढ़ी कमाई की सुरक्षा के लिए यह पिन सबसे बड़ा हथियार है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि जिस पिन ने पूरी दुनिया की बैंकिंग व्यवस्था को इतना सुरक्षित बना दिया, उसका आविष्कार किसने किया था? और उससे भी ज्यादा हैरानी की बात यह है कि इस क्रांतिकारी आविष्कार के बदले उस व्यक्ति को कितने पैसे मिले थे। इसके पीछे की कहानी बेहद दिलचस्प और हैरान कर देने वाली है।

### स्कॉटलैंड के इंजीनियर का क्रांतिकारी आविष्कार

आज पूरी दुनिया के एटीएम जिस मजबूत और अभेद्य पिन सिक्योरिटी सिस्टम पर काम कर रहे हैं, उसका आविष्कार जेम्स गुडफेलो ने साल 1966 में किया था। जेम्स गुडफेलो स्कॉटलैंड के एक इंजीनियर थे जो उस समय ब्रिटेन की एक इंजीनियरिंग कंपनी में काम कर रहे थे। उनकी कंपनी उन दिनों बैंकों के लिए कैश मशीन (एटीएम) बनाने के एक बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रही थी। इसी प्रोजेक्ट के दौरान जेम्स ने एक ऐसी बेहतरीन और सुरक्षित तकनीक तैयार की, जो कार्ड और एक खास पिन की मदद से यह सटीक जांच कर सकती थी कि मशीन से पैसे निकालने वाला व्यक्ति सही ग्राहक है या नहीं।

### अरबों की इंडस्ट्री को दी सुरक्षा, इनाम में मिले मात्र 10 पाउंड

जेम्स गुडफेलो ने ग्राहक की पहचान को वेरिफाई करने वाला जो मॉडर्न सिक्योरिटी सिस्टम बनाया, उसने बैंकिंग की दुनिया में क्रांति ला दी। हालांकि, इस ऐतिहासिक आविष्कार के बदले उन्हें जो मिला, वह जानकर किसी को भी अचरज होगा। उनकी कंपनी ने उन्हें इस शानदार काम के लिए शाबाशी तो दी, लेकिन इनाम के तौर पर सिर्फ 10 पाउंड का बोनस दिया गया। आज यह सुनने में बहुत अजीब लगता है कि जिस तकनीक ने अरबों-खरबों की बैंकिंग इंडस्ट्री को सुरक्षा की गारंटी दी, उसे बनाने वाले को मात्र 10 पाउंड में निपटा दिया गया था।

### लंदन से शुरू हुआ था कैश मशीन का यह सफर

जेम्स गुडफेलो की इस तकनीक के विकसित होने के ठीक एक साल बाद ही एटीएम का सफर जमीन पर उतर आया। साल 1967 में ब्रिटेन की राजधानी लंदन में दुनिया की सबसे पहली कैश मशीन लगाई गई थी। इसके बाद इस तकनीक की उपयोगिता और सुरक्षा को देखते हुए इसका विस्तार तेजी से पूरी दुनिया में होने लगा। 4 जून 1973 को अमेरिका में एटीएम सिस्टम से जुड़ा एक बेहद जरूरी पेटेंट भी जारी किया गया और आज यही पिन सिक्योरिटी सिस्टम दुनियाभर की एटीएम मशीनों की जान बना हुआ है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## निवेशकों के घटते भरोसे

पिछले वित्त वर्ष में सिर्फ एक महीना युद्ध से प्रभावित था। बाकी समय जो हुआ, उससे साफ है कि समस्या की जड़ें निवेश के नए ट्रेंड और भारतीय अर्थव्यवस्था में निवेशकों के घटते भरोसे से है।डॉलर बचाने के लिए सरकारी हलकों में क्यों इतनी बेचैनी फैली है, इसका राज़ भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया है। आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक 2025-26 में भारत का भुगतान संतुलन 30.8 बिलियन डॉलर घाटे में रहा। सरल भाषा में इसका अर्थ है कि गुजरे वित्त वर्ष में भारत में जितना डॉलर आया, उससे 30.8 बिलियन अधिक डॉलर बाहर गया। ऐसा पूंजीगत खाते पर बढ़े दबाव के कारण हुआ। 2023-24 में विदेशी निवेश, विदेशी ऋण, संपत्ति हस्तांतरण आदि के जरिए 89.4 बिलियन डॉलर भारत आए थे। इस कारण चालू खाते के लगभग 27 बिलियन डॉलर के घाटे के बावजूद भुगतान संतुलन 63.7 बिलियन डॉलर लाभ में रहा।2024-25 में पूंजीगत खाते में सिर्फ 16.6 बिलियन डॉलर का लाभ रहा। इस कारण भुगतान संतुलन तकरीबन 13 बिलियन डॉलर माइनस में चला गया। 2025-26 में पूंजीगत खाते में लाभ सिर्फ सात करोड़ 20 लाख डॉलर का रहा। उधर चालू खाते में घाटा बढ़ा। नतीजतन, भुगतान संतुलन का घाटा बढ़ गया। इससे साफ है कि पिछले दो वित्त वर्षों में भारत में डॉलर आने की दर तेजी से गिरी है। अत: इस समय जो संकट आया है, उसका कारण सिर्फ ईरान युद्ध नहीं है। पिछले वित्त वर्ष में सिर्फ एक महीना (मार्च) युद्ध से प्रभावित था।बाकी महीनों में जो हुआ, उससे पुष्टि होती है कि ना सिर्फ विदेशी निवेश का आना कम हो गया है, बल्कि विदेशी निवेशक बड़ी मात्रा में भारत से अपना धन निकाल ले गए हैँ। 2025-26 में उन्होंने जितना निवेश भारत में किया, उससे 4.3 बिलियन अधिक डॉलर वे यहां से बाहर ले गए। उधर भारतवासियों में विदेश में अपने धन के निवेश बढ़ा ट्रेंड है। सोने के आयात में तेज बढ़ोतरी और युद्ध शुरू होने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल/ गैस तथा अन्य आयातित वस्तुओं की कीमत में उछाल से समस्या और गहरा गई है। अत: युद्ध खत्म होने से कुछ राहत मिलेगी, लेकिन बुनियादी दिक्कतें दूर नहीं होंगी। उनकी जड़ें निवेश के नए ट्रेंड और भारतीय अर्थव्यवस्था में घटते भरोसे से है। फिलहाल, ऐसा नहीं लगता कि सरकार के पास इसके समाधान की अंतर्दृष्टि है।

# नए भारत के दिल की धड़कनों में बसते हैं बिरसा

**श्रीमती रंजना चोपड़ा**

भारत जब अपने स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानियों को याद करता है तब छोटानागपुर के जंगलों से एक नाम अपनी दृढ़ नैतिक ताकत के साथ उभरता है। यह नाम भगवान बिरसा मुंडा का है जिन्हें 'धरती आबा' यानी भूमि के रक्षक के रूप में पूजा जाता है। वह एक ऐतिहासिक हस्ती से आगे बढ़ कर गरिमा, प्रतिरोध और जनजातीय आत्मसम्मान के जीवंत प्रतीक भी हैं। उनकी सोच थी कि जनजातीय पहचान की रक्षा की जाए, समानता सार्थक हो और विकास आम जन तक न्याय के साथ पहुंचे। उनका यह सिद्धांत अब भी विकसित भारत की ओर देश की यात्रा को निर्देशित करता है। राष्ट्र ने पिछले 12 वर्षों में समावेशी विकास पर नए सिरे से बल दिया है। बिरसा मुंडा के सिद्धांत आज भी नए भारत की नीतियों, शासन और आकांक्षाओं को आकार दे रहे हैं।



**विरासत को मिला उसका सही स्थान**

भगवान बिरसा मुंडा की विरासत देश भर में जनजातीय समुदायों के गीतों, आख्यानों, सामूहिक यादों में लंबे समय से जिंदा है। माननीय प्रधानमंत्री ने 2021 में बिरसा मुंडा के जन्म दिवस 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर उनकी विरासत को राष्ट्रीय मान्यता दी। इस मान्यता को और गहराई देते हुए बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर 15 नवंबर 2024 से 15 नवंबर 2025 तक जनजातीय गौरव वर्ष मनाया गया। इस दौरान जनजातीय गौरव और विरासत के जश्न में समूचे राष्ट्र में 2 लाख से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनकी पहुंच 3 करोड़ से अधिक नागरिकों तक रही।

देश भर में, इन आयोजनों ने जनजातीय जीवन की समृद्धि और विविधता को प्रदर्शित किया। नागालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव और केरल के जनजातीय साहित्यिक महोत्सव से लेकर, झारखंड के राष्ट्रीय जनजातीय फिल्म महोत्सव और तेलंगाना की कैनो स्प्रिंट चैम्पियनशिप (डोंगी चालन प्रतियोगिता) तक, इन कार्यक्रमों ने जनजातीय संस्कृति, रचनात्मकता, खेल और लोककथाओं को राष्ट्रीय पटल पर खड़ा किया। कुल मिलाकर, इनमें अलग-अलग संस्कृतियों और समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले 11 लाख से अधिक जनजातीय नागरिकों की भागीदारी देखी गई। ये आयोजन इस बात की घोषणा थे कि आधुनिक भारत को आकार देने में जनजातीय विरासत एक जीवंत और सक्रिय शक्ति है।

जनजातीय सशक्तिकरण और समावेशन की दिशा में पिछले बारह वर्षों के निरंतर और केंद्रित राष्ट्रीय प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए, जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 इस गति को चार विषयगत सप्ताहों के माध्यम से आगे ले जा रहा है, जो मिलकर जनजातीय विकास के संपूर्ण आयाम को दर्शाते हैं। विशेष रूप से इसका तीसरा सप्ताह भारत के भविष्य से जुड़े एक बेहद महत्वपूर्ण प्रश्न पर केंद्रित है: हम उन व्यक्तियों और समुदायों को कैसे पहचानें जिन्होंने इस राष्ट्र को आकार दिया और हम आने वाली पीढ़ी को उस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए कैसे सशक्त बनाएं?

**इतिहास में विस्मृत नामों की पुनर्स्थापना**

इस प्रश्न का उत्तर तलाशने की शुरुआत उन अनेक जनजातीय नायकों को पहचान देने से होती है, जिनका योगदान बहुत लंबे समय तक मुख्यधारा के ऐतिहासिक आख्यानों से गायब रहा। देश के जनजातीय क्षेत्रों में, शिक्षकों, कलाकारों, पारंपरिक चिकित्सकों और समाज सुधारकों की पीढ़ियों ने इन समुदायों को संजो कर रखा है और उनकी सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखा है। उनकी कहानियाँ भारत की राष्ट्रीय स्मृति में एक सही और न्यायसंगत स्थान की हकदार हैं और उनके इन योगदानों को दस्तावेजों में दर्ज करने तथा उन्हें याद रखने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

देश भर के जनजातीय अनुसंधान संस्थान (टीआरआई) मौखिक इतिहास का दस्तावेजीकरण करने, स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों को रिकॉर्ड करने और जनजातीय भाषाओं व सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने के प्रयास में एक केंद्रीय भूमिका निभा रहे हैं। वर्तमान में, 26 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के 29 जनजातीय अनुसंधान संस्थान इस कार्य में जुटे हुए हैं, जिसके तहत 222 जनजातीय भाषाओं में 355 का प्रारंभिक दस्तावेजीकरण किया जा चुका है। ये प्रयास भावी पीढ़ियों के लिए अमूल्य सांस्कृतिक ज्ञान को संजोकर रखने में मदद कर रहे हैं। राष्ट्रीय विमर्श में जनजातीय आवाज़ों को फिर से स्थापित करने का प्रयास जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालयों के माध्यम से भी आकार ले रहा है, जिनकी परिकल्पना स्मृति और पहचान के स्थलों के रूप में की गई है। जनजातीय कार्य मंत्रालय ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समुदायों की भूमिका को सम्मानित करने के लिए 10 राज्यों में ऐसे 11 संग्रहालयों को मंजूरी दी है। इनमें से चार संग्रहालयों का उद्घाटन पहले ही किया जा चुका है, जिनमें रांची में भगवान बिरसा मुंडा और नवा रायपुर में शहीद वीर नारायण सिंह को समर्पित संग्रहालय शामिल हैं। इन संस्थानों के जरिए जनजातीय वीरों की गाथाओं के दस्तावेजीकरण और उन पर आधारित कार्यक्रमों के आयोजन से इन्हें भारत की सामूहिक ऐतिहासिक याद में स्थाई रूप से पिरोया जा रहा है।

**मशाल थामने वालों को सशक्तिकरण**

अतीत को सम्मानित करने के साथ ही, यह यात्रा स्वाभाविक रूप से वर्तमान पीढ़ी को सशक्त बनाने की ओर बढ़ती है। यह बदलाव उन जनजातीय छात्रों की बढ़ती संख्या में सबसे स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जिन्हें मंत्रालय के छात्रवृत्ति कार्यक्रमों का लाभ मिल रहा है।

## लिव-इन रिलेशनशिप, समाज में पनपता विकृत मानसिकता का दौर

**संजीव ठाकुर वरिष्ठ**

आज समाज तीव्र गति से सामाजिक आर्थिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। वैश्वीकरण, शहरीकरण, पाश्चात्य जीवनशैली, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और तकनीकी विकास ने व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचनाओं को गहराई से प्रभावित किया है। इन्हीं परिवर्तनों के बीच लिव-इन रिलेशनशिप एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था के रूप में उभरी है, जिसे चाहें या न चाहें, समाज के एक वर्ग में स्वीकार्यता मिलती जा रही है। जो की सामाजिक संरचना के खतरनाक दौर को भविष्य में इंगित करती है। लिव-इन रिलेशनशिप का अर्थ है कि एक स्त्री और पुरुष बिना विवाह के साथ रहें और वैवाहिक जीवन जैसी परिस्थितियों में जीवन व्यतीत करें। यद्यपि इसके समर्थक इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आपसी समझ का माध्यम मानते हैं, किंतु इसके विरोधियों का मानना है कि यह व्यवस्था भारतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है तथा इससे अनेक असामाजिक और पारिवारिक समस्याएँ जन्म ले सकती हैं।भारतीय समाज की आधारशिला परिवार संस्था रही है। यहाँ विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का सामाजिक और सांस्कृतिक बंधन माना जाता है। विवाह संबंधों में सामाजिक उत्तरदायित्व, नैतिक प्रतिबद्धता और पारिवारिक स्थायित्व निहित होता है। इसके विपरीत लिव-इन रिलेशनशिप में यह स्थायित्व और सामाजिक उत्तरदायित्व अपेक्षाकृत कम दिखाई देता है। यही कारण है कि अनेक बार ऐसे संबंध थोड़े समय बाद समाप्त हो जाते हैं। जब दो व्यक्तियों के बीच मतभेद बढ़ते हैं या जीवन की प्राथमिकताएँ बदलती हैं, तो वे बिना किसी सामाजिक बंधन के अलग हो जाते हैं। इसका प्रभाव केवल उन दोनों व्यक्तियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार और समाज पर भी पड़ता है।लिव-इन रिलेशनशिप के समर्थक तर्क देते हैं कि इससे विवाह से पूर्व एक-दूसरे को समझने का अवसर मिलता है और असफल वैवाहिक जीवन की संभावना कम होती है। किंतु व्यवहारिक स्तर पर अनेक ऐसे उदाहरण सामने आए हैं, जहाँ यह व्यवस्था अस्थिर सिद्ध हुई है। कई बार भावनात्मक शोषण, आर्थिक विवाद, विश्वासघात, घरेलू हिंसा और मानसिक उत्पीड़न जैसी समस्याएँ भी उत्पन्न होती हैं।

# भारत अब सिर्फ विकसित नहीं हो रहा, विश्व को विकसित कर रहा है

### [नया भारत — जो दुनिया के सवालों के जवाब गढ़ता है]

### [2047 का सपना नीस से शुरू: भारत अब विश्व-निर्माता बन रहा है]

**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

तकनीक की वैश्विक बिसात पर भारत अब मोहरा नहीं, चाल चलने वाला खिलाड़ी बनता दिख रहा है। फ्रांस के नीस में 14-16 जून 2026 को आयोजित 'भारत इनोवेट्स 2026' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कहना कि भारत अब समाधान का उपभोक्ता नहीं, समाधान प्रदाता है, केवल एक वक्तव्य नहीं बल्कि बदलते वैश्विक शक्ति-संतुलन की घोषणा थी। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की उपस्थिति, 120 से अधिक डीप-टेक स्टार्टअप्स, 15 अग्रणी शिक्षण संस्थानों और सैकड़ों निवेशकों की भागीदारी ने इस दावे को मजबूती दी। यह वह क्षण था जब भारत ने दुनिया को जता दिया कि वह तकनीकी परिवर्तन का दर्शक नहीं, बल्कि उसकी दिशा तय करने वाली शक्ति बनने की ओर बढ़ चुका है।

भारत की तकनीकी उड़ान किसी एक घटना नहीं, वर्षों की तैयारी का परिणाम है। 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' ने इसकी मजबूत नींव रखी। जो देश कभी तकनीक खरीदता था, वह आज समाधान विकसित कर दुनिया को दे रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदर्शित 120 डीप-टेक कंपनियों के पास सामूहिक रूप से 1,500 से अधिक पेटेंट हैं और उन्होंने 1.5 बिलियन डॉलर से ज्यादा पूंजी जुटाई है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, जैव-प्रौद्योगिकी स्वच्छ ऊर्जा के अलावा स्वास्थ्य, जलवायु प्रौद्योगिकी, एयरोस्पेस, एग्रीटेक आदि 13 अग्रणी क्षेत्रों में भारतीय कंपनियाँ नई राह बना रही हैं। बढ़ते पेटेंट, निवेश और स्टार्टअप्स बताते हैं कि भारत अब केवल सेवा प्रदाता नहीं रहा। विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों के लिए भारत ऐसे तकनीकी मॉडल प्रस्तुत कर रहा है जो किफायती भी हैं और बड़े पैमाने पर लागू किए जा सकते हैं। यही बदलाव भारत को वैश्विक विकास की नई धुरी बना रहा है। भारत-फ्रांस संबंधों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे अब कूटनीति से आगे बढ़कर नवाचार, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी की साझेदारी में बदल रहे हैं। 'इंडिया-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन 2026' और विस्तारित रणनीतिक साझेदारी भविष्य की उसी रूपरेखा को रेखांकित करते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्टार्टअप्स और वैज्ञानिक अनुसंधान में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों की निरंतर पहल ने दोनों देशों को स्वाभाविक सहयोगी बना दिया है। फ्रांस अब भारत को केवल एक बड़े बाजार के रूप में नहीं, बल्कि तकनीकी सह-निर्माता के रूप में देख रहा है। यही सोच इस रिश्ते को पारंपरिक द्विपक्षीय सहयोग से कहीं अधिक महत्वपूर्ण और दूरगामी बनाती है। भारत का उभरता तकनीकी सामर्थ्य कई पुराने शक्ति-केंद्रों के लिए चुनौती बन रहा है। कारण यह है कि वह तकनीक पर स्थापित एकाधिकार की दीवारों में दरार डाल रहा है। दशकों तक नवाचार कुछ देशों और कंपनियों के इर्द-गिर्द सिमटा रहा, लेकिन भारत अब अपनी अलग तकनीकी राह बना रहा है। एआई और उन्नत प्रौद्योगिकियों पर बढ़ते नियंत्रण के बीच भारत-फ्रांस सहयोग बदलते वैश्विक समीकरणों का संकेत है। सेमीकंडक्टर, उन्नत सामग्री और महत्वपूर्ण खनिजों में बढ़ती साझेदारी बता रही है कि भविष्य की तकनीकी आपूर्ति पर अब कुछ हाथों का वर्चस्व नहीं रहेगा। भारत का सॉल्व्ड इन इंडिया मॉडल धीरे-धीरे सॉल्यूशन फॉर द वर्ल्ड की अवधारणा में बदल रहा है। भारत-फ्रांस सहयोग का सबसे मजबूत चेहरा अब रक्षा और रणनीतिक तकनीक में दिखता है। राफेल कार्यक्रम ने तकनीक हस्तांतरण और संयुक्त उत्पादन को नई दिशा दी है। दोनों देश अब रक्षा खरीद से आगे बढ़कर साझा निर्माण और उन्नत अनुसंधान की राह पर हैं। स्कॉर्पीन पनडुब्बियों से लेकर समुद्री सुरक्षा तक और साइबर सुरक्षा से लेकर क्वांटम अनुसंधान तक, सहयोग के नए द्वार खुल रहे हैं। परमाणु ऊर्जा में छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर चर्चा ऊर्जा सुरक्षा की नई संभावनाएँ प्रस्तुत करती है। अंतरिक्ष, विज्ञान और स्वच्छ ऊर्जा में सहयोग यह स्पष्ट करता है कि यह रिश्ता अब भविष्य की तकनीकी सभ्यता गढ़ने की साझी परियोजना बन चुका है।

भारत की यह तकनीकी प्रगति 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को मजबूत आधार दे रही है। भारतीय स्टार्टअप अब केवल मुनाफा नहीं, बल्कि वास्तविक समाधान प्रस्तुत कर वैश्विक निवेश आकर्षित कर रहे हैं। जलवायु संकट के लिए क्लाइमेट टेक, स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई आधारित नवाचार और वित्तीय समावेशन में फिनटेक भारत की उभरती ताकत बन चुके हैं।

ग्लोबल साउथ के कई देश भारत के विकास मॉडल को अपनाने की दिशा में देख रहे हैं। अमेरिका-चीन तकनीकी प्रतिस्पर्धा के बीच भारत एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में उभर रहा है। उसकी सबसे बड़ी ताकत उसका लोकतांत्रिक, विविध और खुले नवाचार पर आधारित तकनीकी मानववाद है, जो तकनीक को केवल शक्ति नहीं बल्कि सेवा का माध्यम बनाता है। तकनीकी प्रगति की इस तेज़ दौड़ में चुनौतियाँ भी उतनी ही वास्तविक हैं। तकनीक हस्तांतरण की गति बढ़ाना, बौद्धिक संपदा की सुरक्षा मजबूत करना, कुशल मानव संसाधन तैयार करना और आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुदृढ़ बनाना अभी भी प्रमुख आवश्यकताएँ हैं। वैश्विक प्रतिस्पर्धा में केवल महत्वाकांक्षा नहीं, बल्कि मजबूत संस्थागत ढांचा और निरंतर निवेश भी जरूरी है। भारत को अनुसंधान एवं विकास पर खर्च बढ़ाना, विश्वविद्यालय-उद्योग सहयोग को गहरा करना और उभरती तकनीकों में वैश्विक मानक स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। फिर भी, सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि भारत इन चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास और नेतृत्व की भावना के साथ कर रहा है।

आज वैश्विक परिदृश्य में जो सबसे बड़ा बदलाव दिख रहा है, वह भारत की बढ़ती भूमिका से उपजा है। एक विशाल लोकतंत्र जब नवाचार, रक्षा, ऊर्जा और डिजिटल तकनीक में नेतृत्व करने लगता है, तो वैश्विक शक्ति-संतुलन अपने आप पुनर्गठित हो जाता है। नीस में मोदी का संदेश इसी परिवर्तन का उद्घोष था। यह घोषणा थी कि आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य आत्मकेंद्रित होना नहीं, बल्कि विश्व को नए समाधान देना है। मोदी-मैक्रों साझेदारी उस नए युग की रूपरेखा बन रही है, जहाँ भारत भविष्य का सहभागी नहीं, उसका निर्माता है। यदि यह गति बनी रही, तो आने वाले वर्षों में दुनिया भारत को एक विशाल बाजार नहीं, बल्कि उन समाधानों के स्रोत के रूप में पहचानेगी जो मानवता की अगली सदी का मार्ग तय करेंगे।




मेष- संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

वृष- कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

मिथुन- मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। कर्क- शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे।

सिंह- विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य सार्थक दिन है, व्यर्थ न गंवाऐ।

कन्या- क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती है। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगों को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

तुला- सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है।

वृश्चिक- परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। महत्वपूर्ण यात्राओं के संकेत हैं। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी।

धनु- कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी।

मकर- पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

कुम्भ- दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

मीन- कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

## एस आई आर पर सर्वोच्च न्यायालय का फैसला, नागरिकता भी खतरे में

**अजय दीक्षित**

पूरे देश में चुनाव आयोग द्वारा कराई जा रही मतदाता सूची विशेष गहन परीक्षण (एस आई आर) को सर्वोच्च न्यायालय ने वैध ठहराया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के नेतृत्व वाली छह जजों की संविधान पीठ ने चुनाव आयोग को हरी झंडी दे दी है। फैसले में कहा गया है कि जनप्रतिनत्व अधिनियम 1951 की अनुच्छेद आठ ए के अनुसार मतदाता सूची में संशोधन करने का अधिकार भारत के निर्वाचन आयोग को है।

**फैसले में कहा गया है कि मतदाता सूची में नाम बढ़ना घटना**

निर्वाचन आयोग का क्षेत्राधिकार है। सी जे आई सूर्यकांत ने सी ए ए ( नागरिकता) मसले पर कहा कि मतदाता सूची के साथ साथ नागरिकता संशोधन बिल को क्रियान्वयन के लिए केंद्र सरकार एक प्राधिकरण बनाए और यह प्राधिकरण तय करेंगे कि किसकी नागरिकता बैद्य है । उन्होंने कहा है कि नागरिकता तय करने का अधिकार भारत के गृह मंत्रालय को है ।

उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व एस आई आर पर एक जनहित याचिका योगेंद्र यादव द्वारा दायर की गई थी और इस मुद्दे पर कांग्रेस, टीएमसी डीएमके,ने बड़ी आपत्ति जताई थी क्योंकि बिहार से 64 लाख मतदाता सूची से नाम पृथक किए गए थे हालांकि इनमें से अधिकतर वे लोग थे जो या तो दूसरे स्थान पर चले गए थे तो मृत हो चुके थे। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी थे जो देश के नागरिक ही थे और उन्होंने बड़ी संख्या में असम,बिहार, पश्चिमी बंगाल, पूर्वोत्तर राज्यों में घुसपैठ कर बांग्लादेश, म्यांमार,से आए हैं। एस आई आर में पश्चिमी बंगाल में एक करोड़, उत्तर प्रदेश में दो करोड़,असम में 63 लाख, सहित सभी राज्यों मप्र, राजस्थान, दिल्ली, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना,में पचास, पचास लाख से अधिक मतदाता सूची से पृथक हुए। नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी ने बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व वोट चोरी यात्रा भी निकाली थी।डीएमके के स्टालिन ने और पश्चिमी बंगाल की तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता ने तो आसमान सिर पर उठा लिया था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह पर मुस्लिमों को मतदाता सूची से नाम पृथक करने आरोप जड़ दिये थे । निर्वाचन आयोग के मुख्य आयुक ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग का नोटिस भी विपक्षी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को दिया है।

तमाम मीडिया ट्रायल में योगेंद्र यादव, आशुतोष, पुण्य प्रश्नुन वाजपेई, रविश कुमार, और भी कई सौ अधिक प्रेस कलाकारों ने बंगाल विधानसभा चुनाव, बिहार विधानसभा चुनाव असम विधानसभा चुनाव में एस आई आर पर बिना सोचे समझे प्रश्न खड़े कर दिए थे बल्कि इनकी देख देखी जनता में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई थी।

भारतीय जनता पार्टी को कई आरोपों का सामना करना पड़ा

लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के इस संदेश से कम से कम उन लोगों भ्रम दूर हो जाएगा। राजनीतिक लोग विशेष कर तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस,सपा, डीएमके,के नेताओं को विधानसभा चुनाव निष्पक्ष चश्मे से देखने का संदेश दे दिया है। अगर आज सर्वोच्च न्यायालय अगर यह फैसला नहीं देता तो बिहार विधानसभा चुनाव,बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम, पांडिचेरी हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र,के चुनावों पर पश्न चिन्ह लग जाता था।

जहां तक प्रश्न सी ए ए नागरिकता का है सर्वोच्च न्यायालय ने अभी गेंद भारत सरकार की ओर फेंक दी है। रिटायर्ड जज, नौकरशाह, पूर्व चुनाव आयुक्त की कमेटी तय करेंगे कि नागरिकता तय करने के कौन कौन से नियम होगे । फैसले में नेशनल सिटीजन रजिस्टर बनाने की प्रक्रिया को भी तेज करने के आदेश केंद्रीय गृह मंत्रालय को दिए हैं। भारत सॉलिसिटर जनरल ने सर्वोच्च न्यायालय से एक माह का समय मांगा है।

गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बताया है कि सरकार अब नागरिकता को लेकर सतर्क है।जिन लोगों को मतदाता सूची से पृथक किया गया है उनकी नागरिकता समाप्त होने के अंदेशा है।

क्योंकि गृह मंत्रालय को एनआरसी बनाना है। दरअसल इस देश आजादी बाद से नागरिकता, घुसपैठ, चकमा घुसपैठ,पर कभी कोई ध्यान नहीं दिया बल्कि कांग्रेस,ने असम, पश्चिमी बंगाल,बिहार दिल्ली में घुसपैठियों को बसाया और अब 15 वर्ष पहले इनको वोट की खातिर वोटर लिस्ट में शामिल किया और वोटिंग कार्ड, आधार कार्ड मुहैया करवाने का काम किया। बताया जाता है कि तीन करोड़ अवैध नागरिक है पूरे देश में जिसमें एक करोड़ तो बंगाल में ही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि मतदाता सूचियों के साथ साथ, नागरिकता संशोधन भी हो । सरकार के समक्ष परमानेंट राष्ट्रीय नागरिक पंजी ( एन आर सी) हो जिससे नीति आयोग को पूरे देश में योजनाओं को लागू करना सुविधा जनक हो। स्व चलित मतदाता सूची हो जन्म और मृत्यु का पंजीयन हो । नागरिक की आयु 18 वर्ष होने पर स्वत ही मतदाता बन जाए।

## मॉनसून की रफ्तार तेज, अगले 4-5 दिनों में महाराष्ट्र-बिहार समेत इन राज्यों में बढ़ेगा आगे, होगी झमाझम बारिश

नई दिल्ली,(आरएनएस)। देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। दिन में तेज धूप और गर्म हवाएं चल रही हैं। शाम के समय उमसभरी गर्मी हो रही है। इस बीच, देश के कई राज्यों



में मॉनसून ने दस्तक दे दी है। आने वाले दिनों में लोगों को गर्मी से राहत मिलने वाली है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून लगातार आगे बढ़ रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, रविवार तक मॉनसून की उत्तरी सीमा अरब सागर से होते हुए हरनाई, सोलापुर, हैदराबाद, भद्राद्री कोठागुडेम, कलिंगपट्टनम, पारादीप, बारिपदा, पुरुलिया, धनबाद और मुजफ्फरपुर तक पहुंच चुकी है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले 4 से 5 दिनों के दौरान परिस्थितियां मानसून के और आगे बढ़ने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। इस दौरान महाराष्ट्र के अधिक हिस्सों, कर्नाटक के शेष भागों, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा के कुछ और क्षेत्रों, झारखंड, बिहार तथा दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आगे बढ़ने की संभावना है

## तमिलनाडु में 3 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी, बिस्किट का लालच देकर किया रेप, गिरफ्तार

तिरुवल्लुर, (आरएनएस)। तमिलनाडु में 3 साल की मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी की हैरान करने वाली खबर सामने आई है. तिरुवल्लुर जिले में कथित तौर पर यौन उत्पीड़न की शिकार हुई 3 साल की बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई. जिससे पूरे राज्य में आक्रोश फैल गया है. महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर चिंता फिर से गहरा गई है. पुलिस ने बताया पीड़िता बिहार की है. उसका परिवार तिरुवल्लुर जिले के गुम्मिडीपोंडी में स्थित SIPCOT औद्योगिक क्षेत्र में रह रहा है. रविवार को झाड़ियों में बच्ची गंभीर हालत में मिली थी. उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन सोमवार को उसने दम तोड़ दिया।

पुलिस ने इस मामले में बिहार के एक प्रवासी मजदूर को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार आरोपी बच्ची को जानता था और उसने बिस्कुट का लालच देकर उसे अपने साथ ले जाकर यौन उत्पीड़न किया. एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने NDTV से कहा, बच्ची उसे जानती थी. उसने बिस्कुट देने का लालच दिया, उसे अपने साथ ले गया और उसके साथ छेड़छाड़ की।

अधिकारी ने इस मामले में एक से अधिक लोगों की संलिप्तता की आशंका को खारिज करते हुए कहा, यह सामूहिक बलात्कार का मामला नहीं है. इसमें केवल एक व्यक्ति शामिल था. शुरुआत में पुलिस ने पॉक्सो (POCSO) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था. बच्ची की मौत के बाद अब इसमें हत्या की धाराएं भी जोड़ी जाने की संभावना है।

## 5 महीने के अंदर महिला ने कीं 3 अलग-अलग शादियां, हर बार नया बहाना, मंदिर जाने के बहाने नहीं लौटती थी वापस

हिमाचल प्रदेश, (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के गलोड़ क्षेत्र में शादी के नाम पर ठगी के एक सनसनीखेज मामले ने लोगों को हैरान कर दिया है। आरोप है कि शीतल नाम की एक महिला ने महज 5 महीने के भीतर 3 अलग-अलग युवकों से शादी की और कुछ समय बाद बहाने बनाकर फरार हो गई। मामले ने ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय ऐसे गिरोहों की आशंका को भी जन्म दे दिया है, जो विवाह के नाम पर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, महिला पर जनवरी महीने में बिलासपुर जिले के जेजवीं क्षेत्र, फरवरी में हमीरपुर के गलोड़ और मई में बिलासपुर के बल्हसीना क्षेत्र में शादी करने के आरोप लगे हैं। पीड़ित परिवारों का दावा है कि शादी के बाद शुरुआती दिनों में सब कुछ सामान्य दिखाई देता था, लेकिन बाद में महिला कभी मंदिर जाने तो कभी किसी रिश्तेदार के निधन का हवाला देकर घर से निकलती और फिर वापस नहीं लौटती थी।

### बांदा में बड़ा हादसाः चंद्रावल नदी में डूबने से दो सगे भाई-बहन समेत तीन बच्चों की मौत, शव देख मचा कोहराम

बांदा, (आरएनएस)। बांदा जिले में चंद्रावल नदी में नहाने गए तीन बच्चे गहरे पानी में डूब गए। इनमें दो सगे भाई-बहन भी शामिल हैं। यह घटना सोमवार को चंद्रावल नदी में सिद्ध बाबा मंदिर के पास हुई। बच्चों में 14 वर्षीय माधुरी, 10 वर्षीय अंशु (दोनों सगे भाई-बहन) और 13 वर्षीय प्रतीक शामिल हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे। गोताखोरों की टीमें स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से बच्चों की तलाश में जुटी रहीं। गोताखोरों ने तीनों बच्चों के शव नदी से बरामद कर लिए हैं। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

## सोमवती अमावस्या पर हरिद्वार में उमड़ी भीड़, श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

### प्रशासन ने मेले को सकुशल संपन्न कराने 6 सुपर जोन, 16 जोन और 40 सेक्टर बनाए



हरिद्वार,(ए.)। सोमवती अमावस्या पर हरिद्वार में आस्था का नजारा देखने को मिला। सुबह से ही हर की पौड़ी समेत गंगा के प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना की। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। जिलाधिकारी और एसएसपी ने खुद ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने बताया कि करीब तीन सौ साल बाद ऐसा दुर्लभ योग बना है। ग्रहों की वर्तमान स्थिति, समवर्ती अमावस्या और ज्यादा मास का यह संयोग बना है। यह अपने आप में विशेष है। हरिद्वार समेत प्रयागराज, सरयू तट और अन्य सभी तीर्थस्थलों के लिए इसका विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि जो लोग पूरे मास व्रत रखते हैं, उन्हें सोमवती अमावस्या के दिन अपने पूर्वजों और पितरों का तर्पण करना चाहिए। जहां-जहां नदियां और संगम हैं, वहां स्नान करना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति घर पर ही है, तो वह स्नान के जल में थोड़ा-सा गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकता है और अपने पूर्वजों का स्मरण कर सकता है। अमावस्या के दिन पितृ-तर्पण का विशेष महत्व माना जाता है। अपने पितरों की मुक्ति और कल्याण के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। यह शुभ और सुलभ योग है।

रिपोर्ट के मुताबिक पुरी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने भगवद्गीता में कहा है कि वृक्षों में मैं अश्वत्थ (पीपल) हूं, देवर्षियों में नारद हूं, सिद्धों में कपिल मुनि हूं और गंधर्वों में चित्ररथ हूं। इसलिए संसार के समस्त वृक्षों में पीपल का विशेष स्थान है। पीपल एक ऐसा वृक्ष माना जाता है जो चौबीसों घंटे ऑक्सीजन प्रदान करता है। इसी कारण हमारे ऋषियों ने इसकी पूजा और संरक्षण की परंपरा स्थापित की। पीपल का अभिषेक कर उसे जल अर्पित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि सोमवती अमावस्या के दिन सर्वप्रथम गंगा स्नान करना चाहिए और उसके बाद भगवान शिव का अभिषेक करना चाहिए।

जिलाधिकारी ने बताया कि सोमवती अमावस्या का स्नान जारी है। प्रशासन की ओर से घाटों पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। वहीं एसएसपी ने बताया कि मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए 6 सुपर जोन, 16 जोन और 40 सेक्टर बनाए गए हैं, जिनमें डिप्टी एसपी, सीओ, इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों की तैनाती की गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, बीडीएस और डॉग स्क्वायड टीमों को भी लगाया गया है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं।

## जेवर एयरपोर्ट पर इस ठाठ से पहुंचा पहला कमर्शियल विमान, स्वैग से हुआ स्वागत

लखनऊ-नोएडा, (आरएनएस)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए आज 15 जून से यात्री उड़ानों की शुरुआत हो गई है. इंडिगो (IndiGo) की पहले दिन उद्घाटन के लिए तिहरा रूट (Lucknow-Noida-Bengaluru) तैयार किया है. पहली फ्लाइट लखनऊ से नोएडा पहुंची, जिसमें यूपी के 75 के करीब कारोबारी जेवर



एयरपोर्ट पहुंचे. इसे वाटर कैनन सैल्यूट दिया गया. वहीं शाम को नोएडा एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए उड़ान भरी जाएगी, जिसमें जेवर के 175 किसान लखनऊ जाएंगे. लखनऊ से नोएडा आने वाला विमान बेंगलुरू जाएगा. ऐसे में यह त्रिकोणीय रूट पूरा होगा।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) के इतिहास में सबसे पहली लैंडिंग करने वाली उद्घाटन उड़ान लखनऊ से नोएडा पहुंची. जेवर एयरपोर्ट पर टचडाउन करते ही इस विमान का भव्य वाटर कैनन सैल्यूट से स्वागत किया गया.इसमें दिल्ली-एनसीआर, गाजियाबाद और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नामी बिजनेसमैन, उद्यमी और आम पैसेंजर्स शामिल हैं. इन लोगों ने पहली लैंडिंग फ्लाइट के लिए काफी पहले से अपनी टिकटें बुक कराई थीं.विमानन मंत्रालय, DGCA और एयरपोर्ट ऑपरेटर (Zurich Airport/NIAL) के कुछ शीर्ष अधिकारी भी इस पहली फ्लाइट में सफर कर रहे हैं.नोएडा में लैंड करने के बाद यही विमान

## पीएम मोदी दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे स्लोवाकिया, पारंपरिक रोटी और नमक से किया गया स्वागत



नई दिल्ली, (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार (स्थानीय समयानुसार) को स्लोवाकिया की राजधानी ब्रातिस्लावा पहुंचे। स्लोवाक के विदेश मंत्री जुराज ब्लानार ने ग्रैंड होटल रिवर पार्क में उनका स्वागत किया। पीएम मोदी का स्लोवाकिया के पारंपरिक तरीके से रोटी और नमक के साथ स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने स्लोवाकिया पहुंचने के बाद कहा कि यह दौरा भारत-स्लोवाकिया के संबंधों को गहरा करने और दोनों देशों के बीच सहयोग के नए रास्ते तलाशने का मौका देता है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि वह स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी और पीएम रॉबर्ट फिको के साथ प्रोडक्टिव मीटिंग्स का इंतजार कर रहे हैं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ब्रातिस्लावा पहुंच गया हूं। यह विज़िट भारत-स्लोवाकिया के रिश्तों को गहरा करने और सहयोग के नए रास्ते तलाशने का मौका देती है। प्रेसिडेंट पेलेग्रिनी और प्राइम मिनिस्टर फिको के साथ प्रोडक्टिव मीटिंग्स का इंतज़ार कर रहा हूं।

यहां ग्रैंड होटल रिवर पार्क पहुंचने पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लुक्निका एन्सेम्बल ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

स्लोवाक संस्कृति के अनुसार, मेहमानों और खास लोगों का स्वागत रोटी और नमक की एक छोटी डिश से किया जाता है। रोटी खुशहाली को दिखाती है, जबकि नमक कीमत, दोस्ती और सुरक्षा का प्रतीक है।

स्लोवाकिया के मायजावा इलाके के प्रसिद्ध बच्चों के लोक समूह ने भी प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में पारंपरिक स्लोवाक नृत्य किया।




*स्लोवाकिया के ब्रातिस्लावा पहुंचने पर भारतीय समुदाय के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया।*

## ऑपरेशन पुश बैक पर बीएसएफ-बीजीबी में बढ़ी तनातनी, 12 बांग्लादेशी को लेकर भारत-बांग्लादेश सीमा पर बढ़ा विवाद, 57 बांग्लादेशी गिरफ्तार

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक बार फिर से BSF-BGB में तनातनी बढ़ती हुई दिखाई दे रही है. दोनों देशों की सीमा पर तनाव बढ़ता जा रहा है. रानीनगर बॉर्डर पर 12 बांग्लादेशी नागरिकों की कथित घुसपैठ की कोशिश को लेकर भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक बार फिर विवाद गहराता हुआ नजर आ रहा है. ऑपरेशन पुश बैक को लेकर बीएसएफ-बीजीबी में तनातनी बढ़ गयी है. भारत में बिना वैध दस्तावेजों के रहने के आरोप में 57 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

ऑपरेशन पुश बैक' भारत सरकार द्वारा अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों और रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें वापस उनके देश भेजने के लिए चलाया जा रहा एक प्रमुख सुरक्षा अभियान है।

बांग्लादेश सीमा से सटे गांवों के लोगों और BGB ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार को एकदम सुबह-सुबह BSF ने सीमा का गेट खोलकर इन 12 लोगों को जबरन बांग्लादेश की सीमा में धकेल दिया है. ऑपरेशन पुश बैक भारत सरकार द्वारा 'डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट' (पहचानें, हटाएं और निर्वासित करें) के सूत्र का उपयोग किया जा रहा है।

रानीनगर बॉर्डर पर 12 बांग्लादेशी नागरिकों में चार महिलाएं, चार बच्चे और चार पुरुष है. इन लोगों की नागरिकता को लेकर BSF-BGB में मतभेद अभी बहुत ही ज्यादा बढ़ा हुआ है.

लगातार दो दिनों तक इस मुद्दे पर फ्लैग मीटिंग हो चुकी है, पर अभी तक कोई भी समाधान नहीं निकल सका. वहीं, BSF का कहना है कि रानीनगर सेक्टर से किसी भी व्यक्ति को बांग्लादेश नहीं भेजा गया है. BSF ने साफ-साफ एकदम कहा है कि जब कोई पुश बैक हुआ ही नहीं, तो किसी को वापस लेने का सवाल नहीं उठता है।

## बिहार-बंगाल में भाजपा की जीत से बढ़ी अखिलेश की बेचैनी, सपा का भविष्य धूमिल दिखने लगा : केशव प्रसाद मौर्य



लखनऊ ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बिहार में राजद और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की करारी हार तथा भाजपा की ऐतिहासिक जीत ने उनके माथे की शिकन बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख इतने निराश और हताश हो चुके हैं कि उन्हें उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी का भविष्य धूमिल नजर आने लगा है, जिसके चलते वे अवसाद में गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी कर धमकी की राजनीति पर उतर आए हैं। यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि बिहार में राजद और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की करारी शिकस्त तथा भाजपा की ऐतिहासिक जीत ने सपा बहादुर अखिलेश यादव के माथे की शिकन बढ़ा दी है। वे इतने निराश व हताश हैं कि उत्तर प्रदेश में उन्हें अपनी 'जेबी' सपा का भविष्य 'धूमिल' नजर आने लगा है। इसी अवसाद के कारण वे गैर-जिम्मेदाराना राग अलाप कर धमकी के मोड में आ जाते हैं। उन्होंने लिखा कि भारत के मूल में लोकतंत्र है। यहां चुनाव किसी दल की इच्छा से नहीं, बल्कि संविधान के अनुसार हर पांच साल में होते हैं। जनता ही अंतिम निर्णायक है। 2047 के विकसित भारत के संकल्प के साथ भाजपा का कमल लगातार खिलता रहेगा, जबकि नकारात्मकता और हताशा की राजनीति सपा को और कमजोर करती रहेगी।

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश में नया मोड़, FIP ने AAIB से दोबारा जांच की मांग, क्या खुलेगा बड़ा राज

अहमदाबाद,(आरएनएस)। एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 क्रैश मामले में पायलट संगठन ने बड़ी मांग की है. अहमदाबाद में एक साल पहले हुए इस हादसे में फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ने दुर्घटना जांच ब्यूरो AAIB को पत्र लिखा है. जिसमें कुछ अहम सवाल उठाए गए हैं. पत्र के जरिए शुरुआती जांच रिपोर्ट में आई तकनीकी जानकारियों को चुनौती दी गई है. पायलट संगठन का दावा है कि सरकारी एजेंसी की रिपोर्ट और हाल ही में किए गए सिम्युलेटर टेस्ट के नतीजों में 14 सेकंड का एक बड़ा अंतर सामने आया है. जो पूरी जांच की दिशा बदल सकता है. अगर दोबारा जांच शुरू होती है तो कुछ और अहम जानकारियां सामने आ सकती है. इसलिए जांच के बाद ही पायलट सुसाइड जैसी अटकलों पर बात होनी चाहिए. पायलट संगठन के अध्यक्ष कैप्टन सी एस रंधावा ने AAIB को जो पत्र भेजा है. उसमें कहा है कि उन्हें अमेरिका की कानूनी फर्म बीजली एलन के वकील डी माइकल एंड्रयूज का पत्र मिला है. इस लेटर में दावा किया गया है कि बोइंग-787 विमान पर किए गए सिम्युलेटर परीक्षण की AAIB की प्रारंभिक रिपोर्ट में बताई गई समय-सीमा का समर्थन नहीं करते है।

# विकसित भारत 2047 और फ्रांस 2030 नवाचार संबंधों के लिए समान अवसर प्रदान करते हैं : सरकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकार ने सोमवार को कहा कि भारत का विकसित भारत 2047 विजन और फ्रांस की फ्रांस 2030 महत्वाकांक्षा भविष्य उन्मुख नवाचार साझेदारी को मजबूत करने के लिए कई समान अवसर प्रदान करते हैं, जिससे उभरती और परिवर्तनकारी तकनीकों में निवेश के नए अवसर पैदा होंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, भारत और फ्रांस ने इसी उद्देश्य से इंडिया-फ्रांस इनोवेशन रोडमैप 2030 को अपनाने पर सहमति जताई है। यह रोडमैप महत्वपूर्ण और उभरती तकनीकों के सह-विकास, भरोसेमंद तकनीकी इकोसिस्टम को मजबूत करने, शिक्षा एवं शोध क्षेत्र में गतिशीलता बढ़ाने और लोगों, पर्यावरण तथा साझा समृद्धि के लिए ठोस परिणाम देने की दिशा में दोनों देशों के सहयोग का मार्गदर्शन करेगा। दोनों देशों ने माना है कि नवाचार आर्थिक मजबूती, सतत विकास, रणनीतिक स्वायत्तता तथा तकनीकी और औद्योगिक संप्रभुता का प्रमुख आधार है। बयान के अनुसार, भारत और फ्रांस का मानना है कि मजबूत नवाचार साझेदारी दोनों देशों की पूरी नवाचार क्षमता को सामने लाने में मदद करेगी और वैश्विक चुनौतियों के समाधान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

फरवरी 2025 में जारी भारत-फ्रांस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) घोषणा और 2025 व 2026 में क्रमशः फ्रांस और भारत द्वारा आयोजित एआई एक्शन एवं इम्पैक्ट समिट के आधार पर दोनों देशों ने ट्रस्टेड एआई को अपनी नवाचार साझेदारी का केंद्रीय स्तंभ बनाने पर सहमति जताई है।बयान में कहा गया है कि दोनों देश सुरक्षित, संरक्षित और भरोसेमंद एआई सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करेंगे। ऐसे एआई सिस्टम लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवाधिकारों के अनुरूप होंगे, भेदभाव और गलत सूचना के प्रसार को रोकेंगे तथा सतत विकास के 2030 एजेंडा को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे।भारत और फ्रांस एआई गवर्नेंस के लिए जोखिम-आधारित और एक-दूसरे के अनुरूप नियम विकसित करने हेतु नियामक संस्थाओं, मानक निर्धारण निकायों और तकनीकी विशेषज्ञों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करेंगे।इसमें उन्नत और जनरेटिव एआई मॉडल भी शामिल होंगे। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नवाचार और राष्ट्रीय विकास की गति प्रभावित न हो।दोनों देशों ने माना है कि एआई-आधारित सेवाएं डिजिटल वातावरण में विशेष रूप से बच्चों जैसे संवेदनशील वर्गों के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकती हैं।बयान में कहा गया कि इस संदर्भ में दोनों पक्ष फ्रांस के 2030 तक 30,000 भारतीय छात्रों का स्वागत करने के लक्ष्य के महत्व को स्वीकार करते हैं और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।

भारत और फ्रांस के कई शैक्षणिक संस्थानों ने छात्र आदान-प्रदान और संयुक्त शोध कार्यक्रमों के माध्यम से अकादमिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है।दोनों देशों ने यह भी माना है कि लघु और मध्यम उद्यम (एसएमई) नवाचार, रोजगार सृजन और समावेशी आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इसी को ध्यान में रखते हुए भारत और फ्रांस ने अपने-अपने एसएमई इकोसिस्टम के बीच और अधिक संवाद एवं सहयोग के अवसर तलाशने की मंशा जताई है।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा राम मंदिर दान चोरी का मामला, CJI से कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की मांग

अयोध्या/ नई दिल्ली, (आरएनएस)। अयोध्या राम मंदिर से दानराशि चोरी का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है. सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र याचिका भेजकर इस मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है. सुप्रीम कोर्ट के वकील अनूप अवस्थी ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र याचिका भेजकर यह जांच की मांग की. पत्र याचिका में श्री राम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या में दान-चढ़ावे की हेराफेरी से जुड़े आरोपों की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच कराए जाने की मांग की गई है. पत्र याचिका में कहा गया है कि लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए FIR दर्ज कर और एक स्वतंत्र और कोर्ट की निगरानी में जांच के लिए निर्देश जारी किया जाए।

मालूम हो कि बीते दिनों समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी का आरोप लगाया था. जिसके बाद यूपी की राजनीति गरमाई. अब मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (SIT) के गठन की बात सामने आई है. राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने राम मंदिर ट्रस्ट के चंदे में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए एसआईटी गठित किए जाने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे अहम कदम बताया.अयोध्या के सर्किट हाउस में नृपेंद्र मिश्र ने कहा, 'SIT का गठन सरकार की तत्परता को दिखाता है और यह एक अहम कदम है. दूसरी ओर फैजाबाद से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अवधेश प्रसाद ने जांच पूरी होने तक न्यास के सभी मौजूदा सदस्यों को हटाए जाने की यह कहते हुए मांग की कि वे ''जांच को प्रभावित करेंगे।

# पिछले तीन दिनों से छत्तीसगढ़ की सीमा पर अटका मानसून



कल बस्तर आएगा, 22 जून तक मानसूनी गतिविधियां बढ़ेगी

रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की दहलीज पर पिछले तीन दिनों से मानसून अटका हुआ है. मौसम विभाग ने मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थिति अनुकूल बता रहा है. 15 जून तक बस्तर से प्रवेश करने के आसार हैं. प्रदेश में प्री-मानसून एक्टिविटी कम होते नजर आ रही है, जिससे तापमान चढ़ने लगा है. पिछले 24 घंटों में प्रदेश में अधिकतम तापमान में 2-4ए डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई. इस दौरान उत्तरी और मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ जगहों पर बारिश, बादल गरजने और तेज हवा चली। पिछले 24 घंटे की बात करें तो प्रदेश में अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई. उत्तरी और मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों में मेघगर्जन की गतिविधि के साथ वज्रपात, तेज हवा और वर्षा दर्ज की गई। अगले 2-3 दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के मध्य अरब सागर, महाराष्ट्र, कर्नाटक के बाकी हिस्सों, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी, ओडिशा, झारखंड और बिहार के कुछ और हिस्सों और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थिति अनुकूल है।

**मौसम प्रणाली का असर**

मौसम विभाग के अनुसार समुद्र तल पर बनी मौसमी द्रोणिका मध्य पाकिस्तान से होते हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़, झारखंड और गंगीय पश्चिम बंगाल होते हुए बांग्लादेश तक फैली हुई है। इसके प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मौसम का मिजाज बदला हुआ है।

**राजनांदगांव में गर्मी से लोग परेशान**

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक अधिकतम तापमान 42.0 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव में, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस पेण्ड्रारोड में रिकॉर्ड किया गया। वर्षा के प्रमुख आंकड़ों में कुसमी में 5 सेमी, ओरछा में 4 सेमी, पिपरिया में 3 सेमी, बड़े बचेली और थानखमरिया में 2-2 सेमी बारिश दर्ज की गई. वहीं भैरमगढ़, माकड़ी, ओडगी, पंधरिया और बोड़ला में 1-1 सेमी वर्षा रिकॉर्ड हुई।

**रायपुर में आज आंधी-बारिश की संभावना**

मौसम विभाग ने रायपुर में आज गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने की आशंका जताई गई है।

**मौसम विभाग की चेतवानी**

मौसम विभाग ने रविवार के लिए प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है। इसके साथ ही एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है।

## महिला उद्यमियों को मिला बाजार विस्तार का मंत्र



रायपुर (ए.)। बदलते तकनीकी दौर में महिला उद्यमियों को आधुनिक साधनों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। नवा बिहान क्लस्टर में आयोजित डिजिटल साक्षरता कार्यशाला ने महिलाओं को ऑनलाइन विपणन, ब्रांड निर्माण और इंटरनेट आधारित व्यापार की नई संभावनाओं से परिचित कराया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और महिला संचालित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को आधुनिक विपणन तकनीकों की जानकारी देकर उनके उत्पादों की बाजार पहुंच बढ़ाना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को उत्पाद पहचान निर्माण, आकर्षक पैकेजिंग, लेबलिंग, गुणवत्ता प्रमाणन, ऑनलाइन विक्रय मंचों तथा बाजार से जुड़ने के विभिन्न तरीकों की व्यवहारिक जानकारी दी। वसुंधरा यादव ने कहा कि महिला उद्यमिता केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की भी मजबूत आधारशिला है। उन्होंने महिलाओं को तकनीकी ज्ञान का अधिकाधिक उपयोग कर अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।कार्यशाला में सफल महिला उद्यमियों के अनुभव साझा किए गए और प्रतिभागियों को ग्राहक नेटवर्क विकसित करने, ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग बढ़ाने तथा व्यवसाय विस्तार की रणनीतियों पर मार्गदर्शन दिया गया। विशेषज्ञों ने सरकारी सहायता, अनुदान योजनाओं और विपणन सहयोग कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गई, जिससे महिलाएं अपने उद्यमों को और मजबूत बना सकें। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से शामिल करीब 30 महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों की प्रतिनिधियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। प्रतिभागियों का मानना है कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं को स्थानीय बाजार से आगे बढ़कर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के बाजारों तक पहुंच बनाने में मदद करेंगे।

## रेत के अवैध परिवहन मामले में हाईवा जब्त

रायपुर (ए.)। खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में डोंगरगढ़ क्षेत्र में रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर राजस्व एवं खनिज विभाग की टीम ने एक हाईवा जब्त किया।

कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर की गई कार्रवाई में हाईवा क्रमांक सीजी 08 बीसी 9633 को जब्त कर आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए थाना डोंगरगढ़ के सुपुर्द कर दिया गया है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार गश्त और निगरानी की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

## छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में आएंगे राहुल गांधी

### 10 दिन तक चलेगा विशेष शिविर

रायपुर(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने आगामी चुनावी मुकाबलों को ध्यान में रखते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पार्टी नेतृत्व ने जिला और शहर कांग्रेस अध्यक्षों के लिए 21 से 30 जून तक रायपुर जिले के अभनपुर में 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस शिविर का उद्देश्य संगठनात्मक क्षमता बढ़ाना और नेताओं को भविष्य की राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की खास बात यह है कि कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी शिविर में शामिल होने की सहमति दी है। उनके शामिल होने से कार्यक्रम का महत्व और बढ़ गया है। शिविर में जिला स्तर के नेताओं को राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ सीधे संवाद का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें संगठन और चुनावी रणनीति की बेहतर समझ विकसित करने में मदद मिलेगी।



केसी वेणुगोपाल ने जारी किए निर्देश अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सभी जिला कांग्रेस अध्यक्षों और शहर कांग्रेस अध्यक्षों को पत्र जारी कर प्रशिक्षण शिविर में अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिए हैं।

## बीएसयूपी कॉलोनी में पुलिस का बड़ा सर्च अभियान, 300 से अधिक मकानों की हुई जांच

रायपुर,(आरएनएस)। राजधानी रायपुर में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए रायपुर कमिश्नरेट पुलिस ने बीएसयूपी कॉलोनी में व्यापक आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान लगभग 100 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने 300 से अधिक मकानों की सघन जांच कर संदिग्ध व्यक्तियों, किरायेदारों और निगरानी बदमाशों का सत्यापन किया।पुलिस उपायुक्त (वेस्ट जोन) संदीप पटेल के निर्देश पर थाना सरस्वती नगर, आमानाका और न्यू राजेंद्र नगर क्षेत्र के अंतर्गत स्थित बीएसयूपी कॉलोनी में यह विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (वेस्ट जोन), सहायक पुलिस आयुक्तों और संबंधित थाना प्रभारियों ने किया। सुबह 8 बजे शुरू हुए अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने कॉलोनी के विभिन्न ब्लॉकों, मकानों और सार्वजनिक स्थलों की गहन जांच की। क्षेत्र में निवासरत गुण्डा-बदमाशों, निगरानी बदमाशों, आदतन अपराधियों तथा अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की पड़ताल की गई। साथ ही बाहर से आकर किराये या अस्थायी रूप से रह रहे लोगों के पहचान दस्तावेजों का भी सत्यापन किया गया।पुलिस ने घर-घर पहुंचकर निवासियों से आवश्यक जानकारी एकत्र की और सुरक्षा संबंधी सुझाव दिए। अभियान के दौरान किरायेदारों, बाहरी व्यक्तियों और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई। पुलिस अधिकारियों ने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें कड़ी चेतावनी भी दी।

## कूलर में पानी भरना पड़ा भारी, करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

जशपुर,(आरएनएस)। गर्मी से राहत देने वाला कूलर एक परिवार के लिए काल बन गया। जशपुर जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र के तारागढ़ गांव में करंट लगने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

जानकारी के मुताबिक, महिला अपने घर में रखे कूलर में पानी भर रही थी। इसी दौरान कूलर में अचानक करंट प्रवाहित हो गया और वह उसकी चपेट में आ गई। करंट इतना तेज था कि महिला खुद को उससे अलग नहीं कर सकी और गंभीर रूप से झुलस गई। घर से चीख-पुकार की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद महिला को कूलर से अलग किया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल पत्थलगांव ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## नशे में वाहन चलाने वालों पर दुर्ग यातायात पुलिस का शिकंजा, एक सप्ताह में 109 चालक कार्रवाई की जद में

दुर्ग, (आरएनएस)। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दुर्ग यातायात पुलिस द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त अभियान लगातार जारी है। शहर के ब्लैक स्पॉट, ग्रे स्पॉट, मार्केट क्षेत्र, चौपाटी, माल रोड सहित प्रमुख मार्गों पर फिक्स चेकिंग पॉइंट बनाकर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से वाहन चालकों की जांच की जा रही है।

यातायात पुलिस के अनुसार विगत एक सप्ताह के दौरान शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए गए 109 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं वर्ष 2026 में अब तक 1506 वाहन चालकों पर इसी धारा के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई कर सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराया गया है।पुलिस द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन सुबह और रात के समय विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान लक्जरी वाहन, बस, कार और भारी वाहनों के चालकों की विशेष रूप से जांच की जा रही है।

यातायात पुलिस ने बताया कि 1 जनवरी 2026 से 13 जून 2026 तक दर्ज प्रकरणों में न्यायालय द्वारा दोषी वाहन चालकों पर 10 हजार से 15 हजार रुपये तक का अर्थदंड लगाया गया है।

इसी कड़ी में 14 जून को सुबह करीब 10 बजे वाहन जांच के दौरान एक तवेरा चालक शराब के नशे में वाहन चलाते मिला। ब्रेथ एनालाइजर जांच में चालक के शरीर में 140 mg/100 द्रव्य अल्कोहल पाया गया, जो निर्धारित सीमा से काफी अधिक था। पुलिस ने तत्काल वाहन जब्त कर चालक के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई की।

यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि शराब सेवन करने के बाद वाहन न चलाएं और स्वयं के साथ-साथ अन्य लोगों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।

# खेल समाचार

## सुपर ओवर में मिली हार तो आपा खो बैठे वैभव सूर्यवंशी, श्रीलंकाई खिलाड़ियों से सरेआम हुई धक्का-मुक्की

दांबुला (ए.)। भारत ए और श्रीलंका ए के बीच दांबुला में खेला गया त्रिकोणीय सीरीज का रोमांचक मुकाबला उस वक्त विवादों में घिर गया, जब हार के बाद भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अपना आपा खो बैठे। मैच का फैसला सुपर ओवर से हुआ, जिसमें भारत ए को हार का सामना करना पड़ा। इस हार के तुरंत बाद मैदान पर हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला, जहां वैभव की श्रीलंकाई खिलाड़ियों के साथ तीखी बहस हो गई। देखते ही देखते यह बहस इतनी ज्यादा बढ़ गई कि नौबत धक्का-मुक्की तक पहुंच गई। बाद में अंपायरों और अन्य खिलाड़ियों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया।

### सुपर ओवर में टूटा भारत का सपना, श्रीलंका ने मारी बाजी

सोमवार को खेले गए इस सांस रोक देने वाले मुकाबले में दोनों टीमों ने निर्धारित 50 ओवरों में 265-265 रन बनाए थे। मैच टाई होने के बाद परिणाम निकालने के लिए सुपर ओवर का सहारा लिया गया। सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान श्रीलंका ए ने शानदार प्रदर्शन करते



हुए 16 रन बनाए और भारत के सामने जीत के लिए 17 रनों का लक्ष्य रखा। इस दबाव भरे ओवर में भारतीय टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और महज 10 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ श्रीलंका ए ने तीन अहम अंक हासिल किए और अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी जगह पक्की कर ली, जबकि भारत ए को टूर्नामेंट में अपनी दूसरी हार झेलनी पड़ी।

### आखिरी गेंद के बाद हुआ बड़ा बवाल, माथुलन के जश्न पर भड़के सूर्यवंशी

विवाद की यह पूरी चिंगारी सुपर ओवर की आखिरी गेंद के बाद भड़की। उस वक्त भारत को आखिरी गेंद पर आठ रनों की दरकार थी और स्ट्राइक पर वैभव सूर्यवंशी मौजूद थे। श्रीलंका के गेंदबाज कुगाथस माथुलन ने एक सटीक यॉर्कर डाली, जिस पर वैभव कोई शॉट नहीं खेल पाए। मैच खत्म होते ही माथुलन और अन्य श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने जोरदार जश्न मनाना शुरू कर दिया। इसी बीच वैभव किसी बात पर बुरी तरह भड़क गए और माथुलन से उलझ पड़े। सूर्यवंशी के इस अचानक आए गुस्से का असली कारण अभी तक पूरी तरह साफ नहीं हो पाया है, लेकिन माना जा रहा है कि वह श्रीलंकाई गेंदबाज के जश्न मनाने के तरीके या मैच खत्म होने के बाद की गई किसी टिप्पणी को लेकर आक्रामक हो गए थे, जिसके बाद मैदान पर यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी।

## इंग्लैंड को लगा बड़ा झटका, न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए ओली रॉबिन्सन

नई दिल्ली(आरएनएस)। इंग्लैंड को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले बड़ा झटका लगा है। इंग्लिश तेज गेंदबाज ओली रोबिन्सन दाहिने घुटने की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं।

रॉबिन्सन इस सीरीज में दो साल बाद टेस्ट टीम में लौटे थे। पहले टेस्ट में लॉर्ड्स के मैदान पर उनका प्रदर्शन शानदार रहा था और उन्होंने 7 विकेट लेकर इंग्लैंड को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, रॉबिन्सन की नई इंजरी ने उनकी फिटनेस को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। रोबिन्सन ने अपना आखिरी टेस्ट मुकाबला फरवरी 2024 में रांची में खेला था, जहां उन्होंने सिर्फ 13 ओवर ही गेंदबाजी की थी। वहीं, रोबिन्सन दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके थे।

हालांकि, इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बताया है कि रोबिन्सन टीम के साथ ही रहेंगे। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि वह 25 जून से ट्रेंट ब्रिज में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए फिट हो पाते हैं या नहीं। रॉबिन्सन का न होना इंग्लैंड के लिए बड़ा झटका है। टीम के नियमित कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज गस एटकिंसन को नाइट क्लब विवाद को लेकर जारी जांच की वजह से दूसरे टेस्ट के लिए टीम में नहीं चुना गया है।

इंग्लैंड का प्रदर्शन लॉर्ड्स के मैदान पर खेले गए पहले टेस्ट में शानदार रहा था। मेजबान टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 115 रनों से हराया था। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने दोनों ही पारियों में आसानी से घुटने टेक दिए थे। पहली पारी में इंग्लैंड द्वारा बनाए गए 140 रनों के जवाब में न्यूजीलैंड की पूरी टीम 113 रन बनाकर ढेर हो गई थी।

वहीं, दूसरी इनिंग में इंग्लैंड ने एमिलियो गे की अर्धशतकीय पारी के बूते 226 रन बनाए थे। हालांकि, दूसरी पारी में न्यूजीलैंड की पूरी टीम सिर्फ 138 रन बनाकर सिमट गई थी। इंग्लैंड की तरफ से पहली पारी में ओली रोबिन्सन ने 5 विकेट झटके थे, जबकि दूसरी इनिंग में गस एटकिंसन ने 30 रन देकर 5 विकेट निकाले थे।

## कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 : एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने 32-सदस्यीय टीम घोषित की, नीरज-सेल्वा 'शर्तों के साथ' शामिल

(नई दिल्ली) (ए.)। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए 32-सदस्यीय एथलेटिक्स टीम का ऐलान किया है। इस अंतिम सूची में 22 पुरुष और 10 महिला एथलीट्स शामिल हैं। प्रमुख नामों में ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा शामिल हैं। हालांकि, उनका टीम में शामिल होना प्रतियोगिता से पहले चयन की शर्तों को पूरा करने पर निर्भर करेगा।

मेंस जंप और थ्रो इवेंट्स में एम. श्रीशंकर, तेजस्विन शंकर, तजिंदरपाल सिंह तूर, प्रवीण चित्रवेल और रोहित यादव जैसे एथलीट्स शामिल हैं। ट्रैक पर, गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर और गुलवीर सिंह भारत की तरफ से स्प्रिंट और लंबी दूरी की दौड़ में चुनौती पेश करेंगे।

महिला वर्ग में, पारुल चौधरी एंड्योरेंस इवेंट्स में मुख्य चेहरा होंगी, जबकि मनप्रीत कौर, सीमा और निधि रानी थ्रो इवेंट्स में भारत की उम्मीदों को आगे बढ़ाएंगी। रवीना और प्रियंका को 10,000 मीटर रेस वॉक के लिए चुना गया है। विशाल टी.के., राजेश रमेश, अंसा बाबू, रशदीप कौर और नीरू पाठक को मिलाकर एक अलग मिक्स्ड 4 400 मीटर रिले पूल भी बनाया गया है।

इस घोषणा की एक अहम बात नीरज चोपड़ा और ट्रिपल जम्पर सेल्वा प्रभु का सशर्त चयन था। दोनों एथलीट्स ने गेम्स से पहले होने वाले प्रदर्शन के आधार पर विचार करने का अनुरोध किया है। फेडरेशन उनकी भागीदारी की पुष्टि करने से पहले उनके नतीजों की समीक्षा करने पर सहमत हो गया है।

## नीरज चोपड़ा चोट से उबरकर वापसी को तैयार, दोहा डायमंड लीग में दिखाएंगे दमखम

दोहा (ए.)। पीठ की चोट से उबरने के बाद भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा शुक्रवार को कतर में आयोजित दोहा डायमंड लीग में अपने 2026 एथलेटिक्स सीजन की शुरुआत करेंगे। इस प्रतियोगिता के साथ नीरज करीब 9 महीने बाद वापसी करने जा रहे हैं। नीरज ने सितंबर 2025 में टोक्यो में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था।दुनिया के कई टॉप थ्रोअर्स के साथ, दोहा में नीरज की स्थिति का शुरुआती अंदाजा लग सकेगा। यह साल बहुत अहम है, क्योंकि इसमें कॉमनवेल्थ गेम्स और अन्य बड़े इवेंट्स होने हैं। दोहा मीट 2026 डायमंड लीग सीजन का 7वां पड़ाव है, जो 4 और 5 सितंबर को ब्रुसेल्स में होने वाले फाइनल के साथ खत्म होगा।दो बार के ओलंपिक मेडलिस्ट नीरज की भागीदारी की पुष्टि तब हुई, जब उन्हें कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए भारत की 32-सदस्यीय एथलेटिक्स टीम में अस्थायी रूप से शामिल किया गया था। दोहा भारतीय एथलीट के लिए एक सफल जगह रही है, जहां वह लगातार चौथी डायमंड लीग मीट में हिस्सा लेने जा रहे हैं। नीरज ने साल 2023 में 88.67 मीटर के थ्रो के साथ दोहा डायमंड लीग का खिताब जीता था। साल 2024 में 88.36 मीटर के थ्रो के साथ वह दूसरे स्थान पर रहे। पिछले साल नीरज ने इसी वेन्यू पर 90.23 मीटर के थ्रो के साथ नेशनल रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन इसके बावजूद जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम शुरू में एंट्री लिस्ट में थे, लेकिन फिर उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया। श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिराज एक प्रमुख दावेदार के तौर पर उभरे हैं। ऐसे में 28 वर्षीय नीरज को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है।पथिराज इस महीने की शुरुआत में रोम डायमंड लीग में 92.62 मीटर का शानदार थ्रो करने के बाद मौजूदा वर्ल्ड लीडर के तौर पर इस इवेंट में उतर रहे हैं। इस प्रदर्शन ने श्रीलंकाई एथलीट को ऑल-टाइम वर्ल्ड लिस्ट में आठवें स्थान पर पहुंचा दिया है। उन्हें पेरिस 2024 गेम्स में अरशद नदीम के 92.97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड के बाद दूसरा सबसे शानदार एशियन जैवलिन थ्रोअर बना दिया। इस प्रतियोगिता में मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोरन वालकॉट, ग्रेनाडा के दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स और केन्या के पूर्व वर्ल्ड चैंपियन जूलियस येगो भी शामिल हैं।अन्य मजबूत एथलीट्स में यूएसए के पैन अमेरिकन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट कर्टिस थॉम्पसन, ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर मेडलिस्ट चेक गणराज्य के जैकब वाडलेच और यूक्रेन के आर्टुर फेल्फनर और मिस्र के अहमद सामेह मोहम्मद हुसैन शामिल हैं।



पुरुष खिलाड़ियों की एंट्री लिस्ट:

नीरज चोपड़ा (भारत)
आर्टुर फेल्फनर (यूक्रेन)
अहमद सामेह मोहम्मद हुसैन (मिस्र)
रुमेश थरंगा पथिरागे (श्रीलंका)
एंडरसन पीटर्स (ग्रेनाडा)
कर्टिस थॉम्पसन (यूएसए)
जैकब वाडलेच ( चेक गणराज्य)
केशोरन वालकॉट (त्रिनिदाद और टोबैगो)
जूलियस येगो (केन्या)

## फीफा वर्ल्ड कप : स्वीडन का दमदार आगाज, ट्यूनीशिया को 5-1 से रौंदा

मॉन्टेरी (आरएनएस)। । फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप एफ मुकाबले में सोमवार को स्वीडन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्यूनीशिया को 5-1 से रौंदा। मॉन्टेरी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में स्वीडन का पूरी तरह से दबदबा देखने को मिला और टीम ने ट्यूनीशिया को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया।

स्वीडन की ओर से यासीन अयारी, अलेक्जेंडर इसाक और विक्टर ग्योकेरेस ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और टीम की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई। मैच की शुरुआत से ही स्वीडन ने आक्रामक खेल दिखाया और ट्यूनीशिया के डिफेंस पर लगातार दबाव बनाए रखा। पहले हाफ में ही स्वीडन ने पहला गोल करते हुए 1-0 की बढ़त हासिल की।

यासीन अयारी ने बॉक्स के बाहर से शानदार शॉट लगाते हुए मैच का पहला गोल दागा। इसके कुछ समय बाद अलेक्जेंडर इसाक ने विक्टर ग्योकेरेस के बेहतरीन पास पर गोल करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। स्वीडन लगातार हमले करता रहा और ट्यूनीशिया को अटैक करने का कोई मौका नहीं दिया।

हालांकि, ट्यूनीशिया ने भी वापसी की कोशिश की और उमर रेकिक ने हैनिबल मेजबरी के क्रॉस पर हेडर लगाकर अपनी टीम के लिए पहला गोल किया। रेकिक के गोल से ट्यूनीशिया के फैंस की उम्मीदें जागीं और स्कोर 2-1 हो गया। मगर मैच के दूसरे हाफ में स्वीडन ने जबरदस्त खेल दिखाया और मुकाबले को एकतरफा कर दिया। ट्यूनीशिया के डिफेंस की गलती का फायदा उठाते हुए अलेक्जेंडर इसाक ने गेंद छीनी और विक्टर ग्योकेरेस को पास दिया। इसके बाद ग्योकेरेस ने आसान फिनिश करते हुए स्कोर 3-1 कर दिया।





# सोमवती अमावस्याः नर्मदा तट पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब

## पूरे दिन लगता रहा सड़कों पर जाम, नागरिक हुए परेशान

नर्मदापुरम( निप्र)। अधिक मास की सोमवती अमावस्या पर सोमवार को नर्मदापुरम के सेठानीघाट सहित अन्य नर्मदा घाटों पर स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। स्नान के इस विशेष मुहुर्त सोमवती स्नान पर्व पर प्रशासन द्वारा व्यवस्था बनाने का प्रयास किया गया। लेकिन शहर के तमाम मार्गों पर लंबा जाम लगता रहा। जिससे बसों में सवार यात्री तथा अन्य वाहन चालकों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा। स्नान पर्व पर शहर के प्रसिद्ध सेठानीघाट सहित अन्य नर्मदा घाटों पर लाखों की तादाद में श्रद्धालु स्नान करने के लिए आए। स्नान के लिए श्रद्धालुओं के आने का क्रम रविवार रात से ही शुरू हो गया था। जो सोमवार को पूरे दिन जारी रहा।

### पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण के रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

नर्मदापुरम (निप्र)। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम अंतर्गत संचालित ब्रांच सिविल इंजीनियरिंग,मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एडं इंजीनियरिंग एवं मॉडर्न आफिस मैंनेजमेंट, सत्र 2026.2027 में प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउं?सलिंग प्रकिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रथम चरण में प्रवेश के उपरांत रिक्त सीटों के लिए द्वितीय चरण अंतर्गत इच्छुक विद्यार्थी 09 जून 2026 से 18 जून 2026 तक अपना ऑनलाइन पंजीयन करा सकते है। तीन वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोरमा पाठ्यक्रम में प्रवेश की ऑनलाईन काउंसलिंग एवं रजिस्ट्रेशन के द्वितीय चरण का पंजीयन 18 जून तक चलेगा।

# गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाना चाहिए

## गौ मांस से संबंधित बयान बाजी करने वालों पर सरकार को कड़ा एक्शन लेना चाहिए : श्री दीक्षित



नर्मदापुरम (निप्र)। संस्कार एवं संस्कृति के देश में जहां गौ माता को पूजनीय कहा जाता है वही लाखों करोड़ों रुपए का गौ मांस निर्यात किया जाता है सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के संरक्षक कृपाल सिंह राजपूत अध्यक्ष अरुण दीक्षित ने कहा कि एक ओर जहां हिंदुस्तान में मुसलमानों द्वारा गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग की जा रही है तो फिर केंद्रीय मंत्री किरण रिजजू के बयान पर भारत सरकार को तुरंत संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की जाना चाहिए जो यह कहते हैं कि हम गौ मांस खाते हैं वहीं गोवा के मुख्यमंत्री द्वारा यह घोषणा की गई थी कि गौ मांस की कमी नहीं होने दी जाएगी भारत सरकार को संज्ञान में लिया जाना चाहिए व गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित किया जाना चाहिए। मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का कहना है कि जहां गौशाला के नाम से निर्धारित गौशाला में सरकार द्वारा सहयोग दिया जाता है वही हजारों गौ माता सड़कों पर घूमती देखी जा सकती है। शासन एवं सरकार की नीतियां जनमानस के लिए चिंता का विषय होना चाहिए सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के सदस्य अशोक दिबोलिया महेश शर्मा डॉक्टर सुरेंद्र जीत सिंह ललित मोहन यादव मोहम्मद अकरम खान अशोक परसाई बद्री प्रसाद कौरव ओमप्रकाश मालवीय केएन त्रिपाठी संजीव शर्मा ओपी तिवारी डॉक्टर आदिल खान पंकज साध आरके सैनी हेमंत शर्मा जयबाला निगम सहित अखंड भारत ब्राह्मण समाज समिति के अध्यक्ष नीरजेश त्रिपाठी विनोद दुबे गोविंद दुबे गोपाल दुबे राजेंद्र पुरोहित सहित अन्य सदस्यों ने सरकार से गौ माता को राष्ट्र माता घोष घोषित करने की मांग की है।

## मीनाक्षी नटराजन के नामांकन निरस्त होने पर युवा कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा, पुतला फूंका

नर्मदापुरम (निप्र)। युवा कांग्रेस द्वारा पीपल चौक पर राज्यसभा चुनाव में बेईमानी और नियम प्रक्रिया के विरुद्ध कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन के नामंकन निरस्त करने को लेकर भारी आक्रोश देखने को मिला जहाँ कांग्रेसजनों ने नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट गेट पर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपकर निर्वाचन आयोग का पुतला फूंका नगर अध्यक्ष गुलाम मुस्तफ़ा ने बताया मीनाक्षी नटराजन जी का पर्चा लोकतान्त्रिक परम्परा के विपरीत जाते हुए पक्षपात पूर्ण तरीके से निरस्त किया गया है रिटर्निंग आफिसर के इस निर्णय से लोकतंत्र को गहरा आघात पहुंचा है एवं लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने वाले प्रयासो पर गहरी ठेस है। कार्यक्रम मे मौजूद कांग्रेसजनों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की के रिटर्निंग आफिसर के परचा निरस्त करने के आदेश को खारिज कर मीनाक्षी नटराजन को राज्यसभा उम्मीदवार घोषित किया जावे ताकि निर्वाचन आयोग जैसे स्वतंत्र और निष्पक्ष संवेधानिक संस्थाओ पर जनता का विश्वास बना रहे।इस अवसर पर वरिष्ठ नेत्री कुसुम तोमर शमशाद ख़ान प्रदीप दुबे धर्मेंद्र तिवारी मधुसूदन यादव फैज़ान उल हक़ मनोज तोमर कुलदीप राठौर गुलाम हैदर महेश पाण्डेय आयुष्मान अवस्थी आशीष दीवान जागेश यादव बबलू राठौर बिक्की आर्य ऋतिक चौहान जमील खान अजय शर्मा पंकज तिवारी विजेंद्र राजपूत कीर्ति मिश्रा संतोष अहीरवार नीरज सैनी हर्ष मलैया गुमान मांडले अजय अहिरवार अफ़ज़ल सिद्दीक़ी ललित मौर्य कृष्णा चौधरी आदि उपस्तिथ रहे।

# सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक से की भेंट, क्षेत्रीय रेल सुविधाओं एवं जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया

## आमजन की सुविधा, सुरक्षा हमारी प्राथमिकता - सांसद दर्शन सिंह चौधरी



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम-इटारसी रेलवे स्टेशन पर नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप सिंह से सौजन्य भेंट कर क्षेत्रीय रेल सुविधाओं के विस्तार तथा जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में क्षेत्र के नागरिकों की लंबे समय से लंबित मांगों एवं यात्री सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखा गया। सांसद श्री चौधरी ने हाल ही में निर्माणाधीन जुझारपुर, बनखेड़ी एवं मनकवारा पुलों के कारण आमजन को हो रही असुविधा का उल्लेख करते हुए इन पुलों पर शीघ्र आवागमन बहाल करने की मांग की। उन्होंने आग्रह किया कि पूर्ण निर्माण कार्य होने तक कम से कम एक ओर का मार्ग तत्काल प्रारंभ किया जाए, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में राहत मिल सके।

बैठक में नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से स्टेशन के दोनों ओर 24 घंटे टिकट उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का विषय भी प्रमुखता से उठाया गया। सांसद श्री चौधरी ने यात्रियों को स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए अधिकृत वेंडरों की पर्याप्त व्यवस्था करने तथा स्टेशन परिसर में सुरक्षा एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने का आग्रह किया।

क्षेत्र के दीर्घकालिक विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए सांसद श्री चौधरी ने सोहागपुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने की मांग रखी, जिससे स्टेशन का आधुनिकीकरण एवं यात्री सुविधाओं का विस्तार हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने बागरा में रैक प्वाइंट स्थापित करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के व्यापार, कृषि एवं औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी। साथ ही रेलवे के खेल मैदान को विकसित कर युवाओं के लिए खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने का भी प्रस्ताव रखा।

# पचमढ़ी आने वाले पर्यटकों को लुभाएंगे नर्मदांचल के रसीले आम

## नर्मदापुरम में मिली सफलता के बाद एक बार फिर पचमढ़ी में आम महोत्सव का आयोजन आज




नर्मदापुरम(निप्र)। नर्मदापुरम में लगाए गए आम महोत्सव की सफलता के बाद एक बार फिर जिले के हिल स्टेशन पचमढ़ी में आने वाले पर्यटकों को नर्मदांचल के रसीले आम लुभाएंगे। उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग एवं जिला प्रषासन नर्मदापुरम के द्वारा आम महोत्सव का आयोजन 16 जून 2026 को वायसन लॉज पचमढ़ी में किया जा रहा है। जिसमें नर्मदापुरम जिले में निजी क्षेत्र के शासकीय तथा प्राकृतिक रूप से उत्पादित आम की विभिन्न किस्मों ;लंगड़ा, दशहरी, आम्रपाली, मल्लिका, चौसा, बाम्बेग्रीन, तोतापरी, अल्फांसो, केसर, हिमसागर, बादामी, सफेदा, मालगोआ, से पर्यटकों एवं आमजनों को अवगत कराया जावेगा एवं समस्त कृषकों जन सामान्य एवं पर्यटकों से आग्रह है कि कार्यक्रम में शामिल हो कर आम महोत्सव का लाभ उठाए।

# जनपद पंचायत बनखेड़ी में हो रहा जनकल्याण शिविरों का आयोजन




नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु जैन के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत बनखेड़ी में जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत सरकार एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।जनपद पंचायत बनखेड़ी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीना कुमारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जनकल्याण शिविरों का आयोजन दिनांक 12 जून 2026 से 18 जून 2026 तक किया जा रहा है। शिविरों में विभिन्न विभागों की राज्य एवं केंद्र शासन की योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर उनकी समस्याओं एवं आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना, पीएम सूर्य घर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, नल-जल योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), कृषि कल्याण, स्वास्थ्य सेवाओं सहित विभिन्न विभागों की कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पंजीयन एवं लाभ प्रदान किए जाएंगे।

## जनकल्याण अभियान अंतर्गत केसला में आयोजित हुआ ब्लॉक स्तरीय शिविर

### 138 आवेदन प्राप्त, 112 आवेदनों का मौके पर किया गया निराकरण

नर्मदापुरम( निप्र)। जनकल्याण अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत केसला में दिनांक 15 जून 2026 को ब्लॉक स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आमजन की समस्याओं के निराकरण एवं शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में जनपद पंचायत केसला के अध्यक्ष गंगाराम कलमे, अनुविभागीय अधिकारी इटारसी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित राजस्व विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ऊर्जा विभाग, उद्यानिकी विभाग केसला तथा अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनशताब्दी अनुयाज संकल्प प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

## संगठन विस्तार एवं अभियानों की समीक्षा

नर्मदापुरम (निप्र)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ सेठानी घाट नर्मदापुरम में जिला स्तरीय जनशताब्दी अनुयाज संकल्प प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गायत्री मंत्र के साथ किया गया। मुख्य वक्ता रामचंद्र गायकवाड ने कहा कि संगठन की सफलता कार्यकर्ताओं के आदर्श आचरण संस्थानों की सुदृढ़ व्यवस्था एवं प्रभावी कार्यक्रमों पर निर्भर करती है। उन्होंने जन्मशताब्दी वर्ष के संकल्पों को जन.जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उपजोन समन्वयक रघुनाथ प्रसाद हजारे ने जन्मशताब्दी वर्ष के अंतर्गत संचालित अभियानों की समीक्षा करते हुए अब तक की उपलब्धियों एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में जनजागरण गतिविधियों को और अधिक गति देने पर बल दिया। भोपाल जोन शक्ति पीठ आरण्के गुप्ता ने गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्ट एवं संगठन के आर्थिक एवं प्रशासनिक अनुशासन पर विस्तृत जानकारी दी। आशा पाठक ने नारी जागरण विषय पर प्रेरक उद्बोधन देते हुए महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण हेतु संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी। वहीं शरद वर्मा ने स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत आधुनिक कृषि तकनीकोंए कृषि आधारित स्वरोजगार एवं किसानों की आय वृद्धि के उपायों पर मार्गदर्शन दिया। विभिन्न अभियान प्रभारियों ने अपने. क्षेत्रों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। पर्यावरण एवं जल संरक्षण अभियान प्रभारी ओमप्रकाश गौर ने वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण गतिविधियों की जानकारी दी जबकि नशा मुक्ति अभियान प्रभारी यूण्केण् सिंह ने नशा छोड़ो भारत अभियान के अंतर्गत जिले में संचालित कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया।

शिक्षा आंदोलन एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी चंद्रमोहन गौर ने परीक्षा के विस्तार की योजना साझा की। युवा जोड़ो अभियान प्रभारी बृजेश पटेल ने युवाओं को मिशन से जोड़ने के लिए संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी। कमल किशोर पाटीदार ने बाल संस्कार शालाओं एवं कन्या कौशल कार्यक्रमों, प्रतिभा साहू एवं संध्या मांगरोल ने आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की। नर्मदापुरम सिवनी मालवा, बनखेड़ी एवं सुहागपुर क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भी गतिविधियों की जानकारी दी।

## नर्मदा नदी से रेत का अवैध उत्खनन करते पनडुब्बी जप्त

नर्मदापुरम(निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में रेत खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 14 जून 2026 को खनिज विभाग द्वारा सिवनी मालवा तहसील के ग्राम पथाडा स्थित नर्मदा नदी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए रेत का अवैध उत्खनन करते एक पनडुब्बी को जप्त किया गयाजप्त पनडुब्बी को पुलिस थाना सिवनी मालवा की अभिरक्षा में रखा गया है। संबंधित अवैध उत्खननकर्ता के विरुद्ध म.प्र. खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के अंतर्गत विधिसम्मत कार्यवाही की जा रही है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध खनन गतिविधियों के विरुद्ध सतत निगरानी एवं सख्त कार्यवाही जारी रहेगी।

# किसानों की समस्याओं को लेकर पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

नर्मदापुरम(निप्र)। माखन नगर।भारतीय किसान संघ तहसील माखन नगर द्वारा किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार सुनील गढ़वाल को ज्ञापन प्रेषित किया तहसील अध्यक्ष राजेश दीवान ने बताया कि वर्तमान में सरकार द्वारा एक तुगलगी फरमान जारी करते हुए किसानों को केन कुप्पियों में डीजल ना देने का जो अव्यवहारिक फरमान जारी किया है उसे शीघ्र वापस लिया जावे इससे किसानों को आर्थिक एवं समय का भी भारी नुकसान हो रहा है डीजल की लिमिट को भी हटाया जावे। खरीफ फसल को ध्यान में रखते हुए रासायनिक खाद सहकारी समितियों से नगद एवं उधार किसानों को उपलब्ध कराया जाए एवं टोकन की बाध्यता को हटाया जावे। समर्थन मूल्य पर मूंग 5 कुंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी जावे। समर्थन मूल्य मूंग पंजीयन की समय सीमा भी बढाई जावे। समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी के भुगतान से शेष रहे किसानों को शीघ्र भुगतान कराया जावे। तहसील अंतर्गत किसानों की जमीन का सीमांकन का कार्य तय समय सीमा में किया जावे। उक्त सारी समस्याओं का निदान यदि दो दिवस में नहीं निकलता है तो भारतीय किसान संघ तहसील माखन नगर द्वारा किसानों को लेकर धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम का किया जावेगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन एवं प्रशासन की होगी ज्ञापन देते समय जिला अध्यक्ष ओंमकार सिंह राजपूत तहसील अध्यक्ष राजेश कुमार दीवान गोपाल मीणा जितेंद्र मीणा गोविंद सीठा शुभम मीणा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला अधिवक्ता संघ निर्वाचन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

## एसएस पटेल ने अधिवक्ता संघ के निर्वाचन हेतु चार सहायक निर्वाचन अधिकारी बनाये







नर्मदापुरम। जिला अधिवक्ता संघ नर्मदापुरम के आगामी निर्वाचन की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चुनाव अधिकारी एसएस पटैल के साथ जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्तागणों में एसएस ठाकुर, बीके चौहान, जेके तिवारी, रमेश परिहार एवं केके जराठे, रामराज सिंह ठाकुर, विशेष रूप से उपस्थित रहे।बैठक में जिला अधिवक्ता संघ के निर्वाचन संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित अधिवक्ताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से अपने.अपने सुझाव प्रस्तुत किए। मुख्य चुनाव अधिकारी एसएस पटैल ने अधिवक्ताओं के सुझावों को नोट करने के बाद सभी सुझावों पर बिंदुवार उत्तर देते हुए निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की। बैठक के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी श्री पटैल द्वारा निर्वाचन कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु चार सहायक निर्वाचन अधिकारियों के नामों की घोषणा भी की गई।

उन्होंने टीएस चौहान, राजेश अग्रवाल, अभिषेक शुक्ला एवं रीतेश विश्वकर्मा को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए जाने की घोषणा की। अब ये सभी वरिष्ठ अधिवक्ता निर्वाचन कार्य में सहयोग करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराएंगे।बैठक में अधिवक्ता अजय श्रीवास्तव, राजीव दुबे, अनूप चौबे, प्रशांत पालीवाल, श्रीमती कुसुम तोमर, दिलीप सिंह, सुरेन्द्र राजपूत, कल्पेश दुबे, मनोज जराठे, रमेश परिहार, एसएस ठाकुर एवं मनीष तिवारी सहित अनेक अधिवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए तथा निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक का संचालन एवं आभार विश्वेवश्वर तिवारी ने किया।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमंडलाधिकारी,उप वनमंडल नर्मदापुरम (सामान्य)**

क्रमांक/राजसात/1801 नर्मदापुरम दिनांक 27/05/2026

**सूचना विज्ञप्ति प्रकाशनार्थ**

वाहन में हित रखने वाले समस्त व्यक्ति/संस्था इत्यादि को सूचित किया जाता है कि नर्मदापुरम (सामान्य) वनमण्डल के अंतर्गत दिनांक **27-09-2025** को अवैध रूप से अवैध परिवहन सागौन लठ्ठा- **03 नग - 0.824 घ.मी.** का परिवहन करते समय प्रयुक्त वाहन **महेन्द्रा पिकअप पुरानी बिना नंबर वाहन मॉडल बोलेरो SCXLUB चेचिस नंबर ZN2GHKC1J68114 इंजन नंबर GHC1142713** को जप्त किया गया है। वाहन को राजसात किये जाने हेतु वन अपराध प्रकरण क्रमांक 17004/11 दिनांक 27-09-2025 अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में विचाराधीन है। परिवहन विभाग की बेवसाईट पर सर्च करने पर उक्त वाहन का विवरण नहीं मिल रहा है। वाहन मालिक अज्ञात है। मौके पर अवैध सागौन वनोपज परिवहन के दौरान जप्त किया गया है जिसके आरोपी अज्ञात है।

अतः सर्व साधारण एवं वाहन मालिक को सूचित किया जाता है कि जो भी व्यक्ति/संस्था इत्यादि वाहन में हित रखता हो। वह व्यक्ति/संस्था विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय उपवनमंडल (सामान्य) नर्मदापुरम में दोपहर 12 बजे उपस्थित होकर अपना लिखित पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा समाचार पत्र में सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के पश्चात् प्रकरण में एक तरफा कार्यवाही की जावेगी।

**प्राधिकृत अधिकारी एवं**
**उप वनमण्डलाधिकारी**
**उप वनमंडल नर्मदापुरम ( सामान्य )**

जी/14426/26

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम ( होशंगाबाद ) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com